मंगलवार, 10 दिसम्बर 2024

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 26 – 14 |
| आर्द्रता | 70% |
| सूर्योदय: 6:06 | सूर्यास्त: 16:53 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष दशमी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : जब संवाद खत्म हो जाता है तभी से सम्बन्ध खत्म होना शुरू हो जाता है।



भारत का विकास हर क्षेत्र में नजर आता है : प्रधानमंत्री मोदी –पृष्ठ 7




RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

### संजय मल्होत्रा होंगे भारतीय रिजर्व बैंक के 26वें गवर्नर, शक्तिकांत दास की लेंगे जगह



**नई दिल्ली :** राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा भारतीय रिजर्व बैंक के नए गवर्नर होंगे। वे वर्तमान गवर्नर शक्तिकांत दास की जगह लेंगे। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने 1990 बैच के आईएएस अधिकारी और वर्तमान में राजस्व विभाग के सचिव के रूप में कार्यरत संजय मल्होत्रा को गवर्नर के रूप में नियुक्त करने को मंजूरी दे दी है। उनका कार्यकाल तीन वर्षों का होगा। यह कार्यकाल 11 दिसंबर, 2024 से प्रभावी होगा।आईएएस अधिकारी संजय मल्होत्रा के पास वित्त, कराधान, बिजली, सूचना प्रौद्योगिकी और खनन सहित प्रमुख क्षेत्रों में 33 वर्षों से अधिक का अनुभव है।

# आप बंगाल, बिहार व ओडिशा पर कब्जा करने आएंगे तो हम क्या बैठकर लॉलीपाप खाते रहेंगे : ममता

- बांग्लादेश की तरफ से मिल रही धमकियों पर मुख्यमंत्री ने किया पलटवार
- विधानसभा में कहा... 'किसी भी अफवाह पर न दें ध्यान'



कोलकाता, समाज्ञा : बांग्लादेश में जारी अशांति और वहां के कट्टरपंथी तत्वों व बीएनपी नेताओं की ओर से भारत को लगातार दी जा रही धमकियों के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को सख्त लहजे में कहा कि किसी में हिम्मत नहीं है कि बंगाल, बिहार और ओडिशा पर कब्जा कर ले और हम बैठकर लॉलीपाप खाएं। ये कभी संभव नहीं है। ममता ने कहा कि किसी भी अफवाह पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। विधानसभा में बोलते हुए ममता ने बांग्लादेशी नेताओं द्वारा बंगाल, बिहार और ओडिशा पर उनका वैध दावा होने और कब्जा करने के बयान पर आश्चर्य जताया और कटाक्ष करते हुए कहा कि जब बाहरी शक्तियां भारत की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश करेगी तो क्या हम बैठकर लॉलीपाप खाएंगे। भारत अखंड है। किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है। हमलोग सब मिलकर एक दूसरे की रक्षा करेंगे। उन्होंने लोगों से शांत रहने और बांग्लादेश में दिए गए बयानों से आक्रोशित न होने का आग्रह करते हुए कहा कि बंगाल हमेशा केंद्र द्वारा लिए गए किसी भी निर्णय के साथ खड़ा रहेगा। ममता ने कहा कि हमारे राज्य में, यहां तक कि इमामों ने भी बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमलों की निंदा की है। उन्होंने कहा कि हिंदुओं, मुसलमानों और सभी अन्य समुदायों की रगों में एक ही खून बहता है। हम सभी को मिलकर काम करना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बंगाल में स्थिति को और खराब करने वाला कुछ भी न हो। उन्होंने कहा कि बंगाल देश का पहला राज्य है जहां जाति, पंथ या समुदाय से ऊपर उठकर लोगों ने बांग्लादेश की स्थिति के खिलाफ सामूहिक विरोध प्रदर्शन किया।

**बांग्लादेश संकट पर भड़काऊ बयान देने से बचने का निर्देश दिया**

ममता ने अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों सहित सभी से ऐसा कुछ भी न करने को कहा जिससे स्थिति और बिगड़े। साथ ही, उन्होंने मीडिया घरानों से भी पड़ोसी देश की स्थिति पर जिम्मेदारी से काम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बंगाल कोई उत्तर प्रदेश नहीं है कि हम आपके प्रसारण पर प्रतिबंध लगा देंगे। लेकिन पश्चिम बंगाल और उसके लोगों के हित में जिम्मेदारी से काम करें। अगर यहां कोई समस्या पैदा होती है, तो क्या इसका असर आप पर नहीं पड़ेगा? इसी तरह, अगर बांग्लादेश में स्थिति खराब होती है, तो इसका असर वहां हमारे रिश्तेदारों और दोस्तों पर पड़ेगा। इसलिए कृपया स्थिति पर टिप्पणी करते समय संयम बनाए रखें। मैं चाहती हूं कि बांग्लादेश में शांति लौटे। उन्होंने यह भी कहा कि कई लोग बांग्लादेश घटना की आड़ में दंगे की साजिश कर सकते हैं, इसलिए सतर्क रहने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार और पार्टी तृणमूल कांग्रेस विदेश मंत्रालय के दिशा-निर्देशों का पालन करेगी और बिना बताए कुछ नहीं बोलेगी। वहीं, विदेश सचिव के बांग्लादेश दौरे पर ममता ने उम्मीद जताई कि उनका दौरा सफल होगा। उन्होंने कहा कि हमारे विदेश सचिव बातचीत के लिए बांग्लादेश में हैं। हमें नतीजे का इंतजार करना चाहिए। हमारा देश एकजुट है।

**बांग्लादेश में उत्पीड़न के शिकार लोगों को बंगाल में शरण देने को तैयार**

वहीं, ममता ने फिर दोहराया कि बांग्लादेश में उत्पीड़न के शिकार लोगों को वह बंगाल में शरण देने को तैयार हैं। ममता ने कहा कि केंद्र सरकार की कुछ नीतियां हैं। बांग्लादेश की स्थिति पर कदम उठाना केंद्र के अधिकार क्षेत्र में है। बांग्लादेश में पीड़ित व शोषित कई लोग बंगाल में प्रवेश करना चाह रहे हैं, लेकिन उन्हें प्रवेश की अनुमति मिलेगी या नहीं यह केंद्र का मामला है।

## विदेश सचिव स्तरीय बैठक: भारत ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमले को लेकर चिंता जताई



अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस से मिले विदेश सचिव विक्रम मिस्री

**ढाका :** विदेश सचिव विक्रम मिस्री बांग्लादेश के दौरे पर हैं। सोमवार को उन्होंने बाग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस से मुलाकात की। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार यूनुस के प्रेस सचिव ने मुलाकात की पुष्टि की है। इससे पहले मिस्री ने आज विदेश सचिव स्तर की बैठक में बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर अपनी चिंता जताते हुए 'सांस्कृतिक, धार्मिक और राजनयिक संपत्तियों पर हमलों की खेदजनक घटनाओं' का मुद्दा उठाया। विदेश सचिव ने अपने बांग्लादेशी समकक्ष मोहम्मद जशीम उद्दीन के साथ यह बैठक की। अगस्त में प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार के अपदस्थ होने के बाद भारत की ओर से यह पहला उच्च-स्तरीय दौरा है। मिस्री ने अवगत कराया कि नई दिल्ली की इच्छा ढाका के साथ 'सकारात्मक, रचनात्मक और पारस्परिक रूप से लाभप्रद' संबंध बनाने की है। मिस्री ने जशीम उद्दीन से मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा, 'आज की चर्चाओं ने हम दोनों को अपने संबंधों का आकलन करने का मौका दिया है। मिस्री ने कहा कि उन्होंने 'कुछ हालिया घटनाक्रमों और मुद्दों' पर चर्चा की। मिस्री ने कहा, 'मैंने अपनी चिंताओं से अवगत कराया, जिनमें अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और कल्याण से संबंधित चिंताएं भी शामिल थीं। हमने सांस्कृतिक, धार्मिक और राजनयिक संपत्तियों पर हमलों की कुछ खेदजनक घटनाओं पर भी चर्चा की।'

## 'धर्म के आधार पर नहीं हो सकता आरक्षण', सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल के ओबीसी मामले में कहा

- सात जनवरी को मामले पर अगली सुनवाई

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता। शीर्ष अदालत ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह बात कही जिसमें बंगाल में 2010 से कई जातियों को दिया गया ओबीसी का दर्जा रद्द कर दिया गया था। उच्च न्यायालय के 22 मई के फैसले को चुनौती देने वाली बंगाल सरकार की याचिका सहित सभी याचिकाएं न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आईं।

शेष पृष्ठ 5 पर



## सरकार व समाज मिलकर उठाएं जिम्मेदारी

कोई भी ऋतु हो, जब भी मौसम का चरम नजर आता है गरीब को इससे मार खानी पड़ती है। जब ठंड आती है तो शीतलहर से गरीब मरता है। बारिश होती है तो निचले इलाके में रहने वाले गरीब बाढ़ का शिकार होते हैं। गर्मी होती है तो वे लू से मारे जाते हैं। साधनविहीन लोग ही मौसम के चरम का शिकार होते हैं। कायदे से मौसम नहीं, गरीबी मारती है। लेकिन सवाल उठता है कि जनकल्याण के सिद्धांतों पर आधारित लोकतांत्रिक व्यवस्था में क्या सत्ताधीशों का दायित्व नहीं बनता कि वे राजनीतिक तमाशों से इतर अपनी जनता का ध्यान रखें? एक समय था कि राजा-महाराजा अपनी प्रजा का खुद ख्याल रखते थे। चौराहों पर अलाव जलाने की व्यवस्था होती थी। संवेदनशील राजा बाकायदा वेष बदलकर प्रजा के दुख-दर्द जानने निकलते थे। लेकिन ज्यों-ज्यों लोकतंत्र शिक्षित-विकसित होता गया, सत्ताधीशों की संवदेनशीलता कुंद होती चली गई। तभी शीत ऋतु की दस्तक के साथ ही अदालतों को सरकारों को अपना मूलभूत दायित्व याद दिलाना पड़ता है। बीते वीरवार को भी देश की शीर्ष अदालत ने दिल्ली के शहरी आश्रय बोर्ड यानी डीएएसआईबी को तलब किया कि दिल्ली में फिलहाल कितने आश्रयगृह हैं और वहां कितने लोगों को ठहराया जा सकता है। साथ ही आंकड़ा देने को कहा कि कितने लोग ऐसे हैं जिन्हें आश्रय की जरूरत है। निश्चित रूप से कड़ाके की ठंड में बीमार, लावारिस और मानसिक रूप से परेशान लोगों को संरक्षण देना प्रथम मानवीय कर्तव्य है।

वैसे, अदालत की यह बात तो दिल्ली को लेकर है, लेकिन ऐसे प्रयास पूरे देश में होने चाहिए। कहने को तो राज्यों में स्थानीय निकाय भी रैन बसेरे तैयार करते हैं। लेकिन वे न तो पर्याप्त होते हैं और न ही उनमें पूरी सुविधाएं होती है। रैन बसेरे बना भी लिए जाएं तो वहां सफाई का खास ध्यान नहीं रखा जाता। नशेड़ियों और अपराधियों की सक्रियता से बेसहारा लोग यहां आने से कतराते हैं। निश्चित रूप से रेन बसेरे बनाया जाना सार्थक कदम है, लेकिन उनमें सुविधाओं, सुरक्षा और सफाई को प्राथमिकता के आधार पर देखा जाना चाहिए। इन्हें गंदगी, अराजकता व असुरक्षा से बचाने के लिये स्वयं सेवी संगठनों की सक्रियता की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। कायदे से ये दायित्व सरकारी एजेंसियों का होना चाहिए, लेकिन ऐसा होता नजर नहीं आता। दरअसल, केंद्र व राज्य सरकारों को निराश्रित लोगों के लिए मौसम के चरम आने पर एक स्थायी ढांचा उपलब्ध कराना चाहिए। जिसे तुरत-फुरत तैयार करके बेसहारा लोगों के लिये उपलब्ध कराया जाए। यूं तो देश में सामाजिक, व धार्मिक संगठन भी रेन बसेरा बनाते हैं,लेकिन यह सिर्फ खबरों की सुर्खियों में आने का जरिया मात्र नहीं होना चाहिए। यह सही मायनों में बेघरों का आश्रय होना चाहिए। साथ ही इनकी सुविधाओं की निगरानी निरंतर होनी चाहिए। दरअसल, इनके उद्घाटन समारोहों का जिस जोर-शोर से प्रचार किया जाता है, वैसा ध्यान इनके निरंतर सुचारु रूप से संचालन में नहीं होता। आज हर घर में ठंड से बचाव का अतिरिक्त सामान होता है। ऐसे ही हर व्यक्ति को मानवता के नाते जरूरतमंद लोगों की मदद करनी चाहिए।

# सुरक्षित पटरियां और स्मार्ट ट्रेनें: भविष्य में और भी सुरक्षित यात्राएं



अनिल कुमार खंडेलवाल
आईआरएसई-1987
सेवानिवृत्त पदेन सचिव
भारत सरकार

बीते दशक में की गई सुविचारित पहलों के महत्वपूर्ण परिणाम सामने आने की बदौलत रेलगाड़ियों पर अब भारतीय पहले से कहीं अधिक सुरक्षित हैं। यह बात विशेष रूप से सराहनीय इसलिए भी है, क्योंकि कोई भी अन्य देश प्रतिवर्ष 1 लाख करोड़ यात्री किलोमीटर (पीकेएम) और लगभग 685 करोड़ रिकॉर्ड यात्रियों का रेल के माध्यम से आवागमन कराने वाले भारत से ज्यादा लोगों का रेल के जरिए आवागमन नहीं कराता है। यह उपलब्धि बेमिसाल है, यहां तक कि पड़ोसी देश चीन भी अपने विशाल रेल नेटवर्क और तुलनात्मक जनसंख्या आकार के बावजूद मुश्किल से आधे यात्रियों (सालाना लगभग 300 करोड़) का ही आवागमन कराता है।

सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार- गंभीर घटनाओं की पहचान के प्रमुख संकेतक - महत्वपूर्ण रेल दुर्घटनाओं की संख्या में भारी गिरावट से जाहिर है, जिनकी संख्या वर्ष 2000-01 में 473 से घटकर वर्ष 2023-24 में केवल 40 रह गई । यह सुधार पटरियों को बेहतर बनाने, मानव रहित लेवल क्रॉसिंग को खत्म करने, पुलों की स्थिति की नियमित निगरानी करने और स्टेशनों को डिजिटल बनाने आदि की दिशा में किए गए केंद्रित प्रयासों के माध्यम से संभव हुआ है। यात्रियों की संख्या और पटरियों की लंबाई पर गौर करने पर ये उपलब्धियां और भी प्रभावशाली हो जाती हैं। किसी भी औसत दिन, 2 करोड़ से ज़्यादा लोग 70,000 रूट किलोमीटर (आरकेएम) लंबे नेटवर्क पर यात्रा करते हैं। पीक सीज़न में यह संख्या प्रतिदिन 3 करोड़ तक पहुंच जाती है, जो एक अन्य विश्व रिकॉर्ड है! असल में इसका आशय यह है कि भारत प्रतिदिन अपनी लगभग 2 प्रतिशत आबादी का सुरक्षित तरीके से रेलवे के माध्यम से आवागमन कराता है, जबकि इसकी तुलना में चीन केवल 0.58 प्रतिशत और अमेरिका 0.09 प्रतिशत लोगों का ट्रेन के जरिए आवागमन कराता है।

लगभग त्रुटिहीन सुरक्षा रिकॉर्ड के बावजूद, रेल दुर्घटनाएं दुनिया भर में एक गंभीर वास्तविकता हैं। यद्यपि किसी भी रेल प्रणाली के लिए आदर्श स्थिति शुरुआत से ही एक भी दुर्घटना घटित नहीं होने देना है, लेकिन कोई भी प्रमुख नेटवर्क इस स्थिति को हासिल नहीं कर पाया है। भारतीय रेल (आईआर) नेटवर्क के मात्र एक चौथाई हिस्से जितने ऑस्ट्रेलियाई रेलवे में वित्तीय वर्ष 2022-23 में रेलगाड़ियों के पटरी से उतरने की 52 घटनाएं दर्ज की गईं। इसी तरह, भारतीय रेल से लगभग दोगुना आकार के 2,60,000 ट्रैक किलोमीटर (टीकेएम) वाले अमेरीकी रेल नेटवर्क में उसी वर्ष रेलगाड़ियों के पटरी से उतरने की 1,300 घटनाएं दर्ज की गईं। 2,00,000 टीकेएम वाले यूरोपीय संघ नेटवर्क (भारतीय रेल का 1.5 गुना) में 2022 में 1568 दुर्घटनाएं घटित हुईं।

अपने समकक्षों के समान, भारतीय रेल में भी वर्ष 2022-23 के दौरान रेलगाड़ियों के पटरी से उतरने की घटनाएं दर्ज की गईं, लेकिन ये घटनाएं काफी कम 137 के स्तर पर रहीं। ये संख्या विकसित देशों की तुलना में भारतीय रेल के शानदार सुरक्षा प्रदर्शन का प्रमाण हैं और ऐसा उसके कई वर्षों से इष्टतम स्तर से कम पूंजीगत व्यय, लालफीताशाही, राजनीतिकरण और भ्रष्टाचार के कारण सुस्त हालत रहने के बावजूद संभव हुआ है। लेकिन पिछले कई दशकों में फैली गड़बड़ियों की गंदगी को अच्छे प्रशासन के एक या दो कार्यकालों में धोया नहीं जा सकता।

यद्यपि आईआर मिश्रित यातायात मॉडल का उपयोग करता है, विदेशों में कई रेलवे माल और सवारी रेलगाड़ियों के लिए अलग-अलग ट्रैक का उपयोग करते हैं। इसका मतलब है कि भारत में प्रत्येक दुर्घटना के लिए रेलवे यात्री सुरक्षा के गंभीर रूप से खतरे में पड़ने की संभावना बहुत अधिक है।

दुर्घटनाओं के मूल कारण को तुरंत दूर करना और रेलगाड़ी के पटरी से उतरने से मुक्त रेलवे नेटवर्क प्राप्त करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके लिए मानवीय इंटरफेस को कम करने और प्रणालीगत विश्वसनीयता में सुधार करने के लिए महत्वपूर्ण तकनीकी पहल की आवश्यकता होगी। यात्री सुरक्षा को प्राथमिकता देने पर बल देते हुए वर्ष 2023-24 के दौरान सुरक्षा से जुड़ी परियोजनाओं में 1 लाख करोड़ रुपये से ज़्यादा का निवेश किया गया है और चालू वित्त वर्ष में और भी ज़्यादा खर्च करने की योजना है। इसका आशय ट्रेनों, पुलों, पटरियों और सिग्नलिंग सिस्टम के बेहतर रखरखाव के साथ-साथ ओवर- और अंडर-ब्रिज के निर्माण के ज़रिए पटरियों के पास बेहतर सड़क सुरक्षा की व्यवस्था है।

रेलवे सुरक्षा प्रदर्शन के एक सूचकांक - प्रति मिलियन ट्रेन किलोमीटर दुर्घटना (एपीएमटीके) की संख्या वर्ष 2000-01 में 0.65 से घटकर 2023-24 में 0.03 हो गई है। यह आधुनिक, अत्याधुनिक ट्रैक रखरखाव और नवीनीकरण मशीनों का उपयोग करके बेहतर ट्रैक रखरखाव किए जाने का सराहनीय परिणाम है। इसके अलावा पटरी की त्रुटि का पता लगाने में सुधार, रेल वेल्ड संबंधी खराबियों पर अंकुश और मानवीय त्रुटियों को कम करने के लिए उन्नत तकनीक सहित कई अतिरिक्त उपाय भी किए गए हैं।

इन परिणामों को बनाए रखने और बेहतर बनाने के लिए तकनीकी हस्तक्षेप और लक्षित प्रशिक्षण का मिश्रण अपनाया गया है।

पटरियों के रखरखाव के लिए आधुनिक मशीनों की तैनाती 2013-14 के दौरान 700 से बढ़कर इस साल 1,667 कर दी गई है, जिससे पटरियों के रखरखाव में सुधार हुआ है। संपत्ति की विश्वसनीयता को और बढ़ाने के लिए पूरे नेटवर्क में रेल ग्राइंडिंग भी लागू की गई है। रेल परिचालन के लिए गंभीर सुरक्षा जोखिम उत्पन्न करने वाली शरारती गतिविधियों को रोकने और तोड़फोड़, पटरियों से छेड़छाड़, तथा पटरियों पर असंबद्ध वस्तुएं रखने जैसी समस्याओं से निपटने के लिए अब पटरियों पर निरंतर गश्त की जाती है।

सुरक्षा पहल का एक मुख्य आधार लोको पायलटों को खराब दृश्यता वाले कोहरे से घिरे क्षेत्रों में नेविगेट करने में सहायता देने के लिए जीपीएस-आधारित फॉग पास डिवाइस की संख्या बढ़ाना है। वर्ष 2014-15 में केवल 90 जीपीएस-आधारित फॉग पास डिवाइस की तुलना में अब इनकी संख्या 21,742 हो चुकी है। पायलट की सतर्कता बढ़ाने वाले सतर्कता नियंत्रण उपकरण (वीसीडी) सभी इंजनों में लगाए गए हैं। वर्ष 2013-14 में इनकी संख्या 10,000 से भी कम थी, जो आज बढ़कर 16,021 हो गई है। ब्रॉड-गेज मार्गों पर 6,637 स्टेशनों में से 99 प्रतिशत से अधिक पर पैनल इंटरलॉकिंग, रूट रिले इंटरलॉकिंग और इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग जैसी उन्नत सिग्नलिंग प्रणालियां प्रदान की गई हैं।

इसके अलावा, ड्राइविंग कौशल और रिएक्शन टाइम को संवर्धित करने के लिए लोको-पायलट अब सिम्युलेटर-आधारित प्रशिक्षण (सिमुलेटिंग फील्ड एक्सपीरिएंस) से गुजरते हैं, जबकि फ्रंट लाइन स्टाफ को अग्निशमन का प्रशिक्षण मिलता है। कुल मिलाकर, वर्ष 2023-24 के दौरान 6 लाख से अधिक रेलवे कर्मचारियों ने विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण, प्रारंभिक, प्रमोशनल, रिफ्रेशर और विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किए।

मानव सुरक्षा के अलावा, भारतीय रेल द्वारा वर्ष 2024-25 में पटरियों के किनारे 6,433 किलोमीटर (किमी) बाड़ लगाकर वन्यजीव और पशुधन की सुरक्षा पर भी ध्यान दिया जा रहा है। अगस्त 2024 तक इनमें से 1,396 किलोमीटर पर काम पूरा हो चुका है, जिससे इन मार्गों पर मवेशियों के टकराने की घटनाओं में कमी आएगी। इन उपायों के पूरक के रूप में, अधिक सुरक्षित लिंके-हॉफमैन-बुश (एलएचबी) कोचों का भी रुख किया गया है, जिनमें दुर्घटना के समय सवार को सुरक्षित रखने की बेहतर विशेषताएं मौजूद हैं। इन्हें इस तरह डिजाइन किया गया है कि टक्कर होने पर ये कोच दूसरे कोचों पर नहीं चढ़ते, जिसकी बदौलत रेलगाड़ी के पटरी से उतरने और यात्रियों को चोट लगने की आशंका कम हो जाती है। एलएचबी कोच 160 किलोमीटर प्रति घंटे तक की गति पर सुरक्षित परिचालन के लिए बनाए गए हैं। वर्ष 2023-24 में 4,977 एलएचबी कोचों के निर्माण के साथ उनके उत्पादन में काफी वृद्धि हुई है, जो वर्ष 2013-14 में उत्पादित 2,467 से दोगुना से भी अधिक हैं। हालांकि ये कदम सराहनीय हैं, लेकिन सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि यात्रा को सुरक्षित बनाने के उसके प्रयासों में कोई कमी न आने पाए। भारतीय रेल पहले से ही परिवहन का सबसे सुरक्षित साधन है, लेकिन भविष्य में यह और भी सुरक्षित हो जाएगी।

# हिन्दुओं को इग्नोर करने वाले नेताओं को बदलनी होगी अपनी सोच



संजय सक्सेना

बांग्लादेश में हिंदुओं, बौद्ध सहित अन्य अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को जलाया व मारा जा रहा है। उनकी संपत्तियां लूटी जा रही हैं। माताओं व बहनों की इज्जत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। मंजर ऐसा है कि किसी की भी रूह कांप जाये। बांग्लादेश में जो हो रहा है उसके सामने यूपी के संभल में जो कुछ हुआ कोई मायने नहीं रखता है। हाल में बहराइच में हुई हिंसा भी बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ हो रहे अत्याचार के सामने काफी छोटी नजर आती है। क्योंकि संभल हो या बहराइच की हिंसा दोनों ही को विपक्ष कुछ ज्यादा ही बढ़ा-चढ़ाकर हंगामा खड़ा कर रखा है। संभल और बहराइच पर जितना बवाल गांधी परिवार और अखिलेश यादव मचा रहे हैं उतनी ही चुप्पी वह बांग्लादेश में हिन्दुओं और दलितों के साथ हो रहे खून खराबे को लेकर साधे हुए हैं। अखिलेश के पीडीए में पिछड़ा-दलित और अल्पसंख्यकों की बात जरूर की जाती है,लेकिन हकीकीत यही है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव मुस्लिम वोट बैंक के आगे किसी को तरजीह नहीं देते हैं। अखिलेश दलितों और पिछड़ों की बात सिर्फ इस वर्ग के वोटरों को गुमराह करने के लिये करते हैं। इसी तरह से दलितों और पिछड़ों को इंसाफ दिलाने के लिये कांग्रेस के नेता राहुल गांधी और उनकी टीम जातिगत जनगणना कराये जाने के लिये हाय-तौबा तो करती है,लेकिन उनका भी इससे कोई लेनादेना नहीं है। उनको भी सिर्फ मुस्लिम वोट बैंक नजर आता है।

दरअसल,समाजवादी पार्टी और कांग्रेस दोनों ही मुस्लिम वोट बैंक पर कब्जेदारी के चक्कर में एक-दूसरे के साथ-साथ(इंडिया गठबंधन में शामिल दोनों दल) होते हुए भी सियासी दुश्मन बनते जा रहे हैं। मुस्लिम वोट बैंक की खातिर यूपी में राहुल गांधी सपा प्रमुख की कंधे पर चढ़कर उनकी पीठ में 'छूरा' भोंकने की कोशिश कर रहे हैं तो अखिलेश यादव जिन्होंने भी नेताजी मुलायम सिंह के बाद मुस्लिम वोटरों को अपने जाल में फांस रखा है वह मुस्लिम वोटरों पर अपनी पकड़ कतई ढीली करने को तैयार नहीं है। इसी के चलते यूपी में राहुल गांधी और अखिलेश यादव की राह जुदा होती जा रही है। इसी साल हुए लोकसभा चुनाव की बात हो या फिर हाल में सम्पन्न नौ विधान सभा सीटों की,दोनों ही बार अखिलेश ने कांग्रेस के साथ होते हुए भी उससे दूरी बनाये रखी। लोकसभा चुनाव में तो अखिलेश ने गठबंधन का धर्म निभाते हुए कुछ सीटें कांग्रेस के लिये छोड़ भी दी थीं,लेकिन उप चुनाव में तो कांग्रेस को एक भी सीट नहीं दी।

आलम यह है कि जब संभल में हुई हिंसा के बाद राहुल गांधी ने वहां जाने का कार्यक्रम बनाया तो समाजवादी पार्टी के महासचिव और अखिलेश के चचा रामगोपाल यादव इसे राहुल की नौटंकी करार दे दिया। इसको लेकर कांग्रेस और सपा के नेताओं के बीच एक-दूसरे के खिलाफ खूब बयानबाजी हुई,लेकिन रामगोपाल यादव की बात सच थी। इस बात का अहसास जल्द हो भी गया। ऐसा इसलिये था क्योंकि राहुल गांधी और उनकी नई-नई सांसद बहन प्रियंका वाड्रा को जब लोकसभा में संभल के पीड़ितों की आवाज उठाने का मौका मिला तो इन दोनों (राहुल-प्रियंका) के साथ-साथ पूरी कांग्रेस अडानी-अडानी करती रह गई। कांग्रेस के इन दिग्गज नेताओं ने एक भी शब्द संभल हिंसा को लेकर नहीं बोला।

बांग्लादेश में हिन्दुओं और खासकर दलितों के खून खराबे को लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के नेताओं की चुप्पी न तो बीजेपी को रास आई न ही बसपा सुप्रीमो मायावती को यह बर्दाश्त हुआ। योगी बांग्लादेश में जो कुछ हो रहा है उससे कुछ ज्यादा ही दुखी हैं। वह राहुल और अखिलेश जैसे नेताओं का नाम लिये बिना सवाल करते हैं आज कुछ लोग समाज को धोखा दे रहे हैं। वे ही लोग समाज में झूठ फैला रहे हैं। हैदराबाद के निजाम और उनके रजाकारों की ओर से जब दलितों के गांव जलाए जा रहे थे तब भी वे चुप थें उस दौरान उनका शोषण हो रहा था। तब भी बाबा अंबेडकर ने खुला पत्र लिखा था कि निजाम की रियासत के सभी दलित रियासत को छोड़कर महाराष्ट्र चले जाएं, लेकिन अपना धर्म और मत न बदलें। पड़ोसी मुल्कों में अल्पसंख्यक हिंदुओं की घटती आबादी पर सीएम योगी ने कहा कि साल 1947 में पाकिस्तान और बांग्लादेश में हिंदुओं की बड़ी तादाद में आबादी रहती थी। बांग्लादेश में साल 1971 तक 22 फीसदी हिंदू रहा करते थे, लेकिन आज उनकी संख्या 6 से 8 फीसदी ही रह गई है। योगी ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए कहा, जो लोग हमेशा दलितों को अपना वोट बैंक बना कर उनका शोषण करते आए हैं, वे आज बांग्लादेश की घटना पर मौन हैं. उनके मुंह से एक भी शब्द नहीं निकल रहा। वे सच को स्वीकार नहीं कर सकते और न ही सच बोल सकते हैं। सिर्फ संविधान की प्रति दिखाकर ढोंग कर रहे हैं। उन्हें बाबा साहेब के मूल्यों से कोई लेना-देना ही नहीं है। ऐसे ही आरोप बसपा सुप्रीमो मायावती भी लगा रही हैं। उन्होंने बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार की घटनाओं को लेकर विपक्षी दलों को घेरा और पूछा कि मुख्य विपक्ष दल होने के बाद भी कांग्रेस और सपा इस मुद्दे पर चुप क्यों हैं ? ये दोनों दल सिर्फ मुस्लिम वोटरों को साधने के लिए सिर्फ संभल हिंसा की बात कर मुस्लिम समाज को लड़वा रही हैं। मायावती ने मांग की कि केंद्र सरकार को बांग्लादेश के दलितों को भारत लाना चाहिए। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि संसद चल रही है और विपक्षी दल देश और यहां के जनहित के मुद्दे न उठाकर अपने राजनीतिक स्वार्थ में संभल में हुई हिंसा की आड़ में खासकर सपा और कांग्रेस पार्टी मुस्लिम वोट को रिझाने में लगी हुई हैं। इन्हें बाकी मुद्दों से कोई लेना-देना नहीं है. उन्होंने आरोप लगाया कि ये दल मुस्लिम समाज को भी तुर्क और नॉन तुर्क को आपस में लड़ा रही है, जिससे मुस्लिम समाज को भी सतर्क रहना है।

कई दलों के नेता तो बांग्लादेश में हो रही हिंसा को लेकर चुप्पी साध रहे हैं, इसके अलावा मुस्लिम संगठन भी बांग्लादेश की हिंसा मुखर नजर नहीं आ रहे हैं, इसी के चलते भारतीय जनता पार्टी नेता शाहनवाज हुसैन देश के मुस्लिम संगठनों को लानत-मलानत भेज रहे हैं। उन्होंने कहा,' बांग्लादेश में जिस तरह अल्पसंख्यक हिंदुओं के साथ जुल्म और ज्यादती हो रही है। उन पर जुल्म की सभी सीमाएं पार कर दी गईं। उस पर भारत सरकार की पूरी नजर है। लेकिन बांग्लादेश में हिंदुओं पर जो अत्याचार हो रहा है, धार्मिक स्थल जलाए जा रहे हैं, धर्म गुरुओं को मारा-पीटा जा रहा है, उस पर मुस्लिम संगठनों के लोग चुप हैं। शाहनवाज ने कहा, अगर फिलिस्तीन या ईरान में मुस्लिमों के साथ कुछ होता है, तो ये लोग प्रदर्शन करते हैं, लेकिन बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है, वे मारे-काटे जा रहे हैं, लेकिन उलेमाओं की जुबान खुल ही नहीं रही है। वह कुछ बोल ही नहीं रहे हैं। पूरी दुनिया में अल्पसंख्यकों को कैसे रखा जाता है, उसके लिए आदर्श देश भारत है। अल्पसंख्यकों के लिए भारत से अच्छा कोई देश नहीं हो सकता। बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों की क्या हालत कर दी गई। पूरे मुस्लिम समुदाय को खुलकर बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार पर मार्च निकालना चाहिए लेकिन ऐसा हो नहीं रहा है।'

## गाजा में इजराइली हमलों में छह लोगों की मौत, सीरिया पर बैठक की सुरक्षा परिषद की योजना

**यरुशलम :** मध्य गाजा पट्टी में पिछली रात इजराइली हमलों में एक महिला समेत कम से कम छह लोगों की मौत हो गयी। फलस्तीनी चिकित्सा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ये हमले ऐसे समय हुए हैं, जब विद्रोहियों द्वारा दमिश्क पर नियंत्रण कायम करने के बाद सीरिया के अपदस्थ नेता बशर असद रविवार को भागकर मॉस्को चले गये तथा उन्हें अपने लंबे समय के सहयोगी रूस से शरण मिल गयी। रूसी मीडिया ने यह खबर दी। रूस के अनुरोध पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की सीरिया के विषय पर सोमवार अपराह्न बंद कमरे में आपात बैठक करने की योजना है। रात भर हुए इजराइली हमलों में जान गंवाने वालों में राईद घाबीन शामिल है, जिसे 2014 में इजराइली हिरासत से मुक्त किया गया था। 'अल-अक्स मार्टियर्स' अस्पताल ने यह जानकारी। इसी अस्पताल में हताहतों को लाया गया था। अस्पताल के रिकॉर्ड के अनुसार, इस हमले में उसकी और उसकी पत्नी की मौत हो गई। इजराइल ने जुवैदा शहर में उनके शिविर को निशाना बनाया था। नुसीरत शरणार्थी शिविर पर एक अन्य हमले में दो अन्य लोगों की जान चली गयी। सोमवार तड़के वादी गाजा क्षेत्र में तीसरे हमले में दो और लोगों की मौत हो गयी। यह लड़ाई सात अक्टूबर 2023 को हमास के आतंकवादियों द्वारा दक्षिणी इजराइल में हमले करने तथा 1200 लोगों की हत्या करने एवं करीब 250 लोगों को अगवा करने के साथ शुरू हुई थी।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 10 दिसम्बर, मंगलवार, 2024, विक्रम सम्वत् 2081, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष दशमी, 27:41 तक, नक्षत्र : उत्तरभाद्रपदा, 13:19 तक, योग : व्यतिपाता, 21:54 तक, सूर्योदय: 6:06, सूर्यास्त: 16:53 चन्द्रोदय : 12:48, चन्द्रास्त: 00:33, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : वृश्चिक, चन्द्र राशि : मीन, राहू काल : 14:09 से 15:29

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए कठिनाइयों से भरा रहने वाला है। आपकी समस्याएं बढ़ने से आप परेशान रहेंगे। आपको अपने कामों को लेकर पूरी ईमानदारी से आगे बढ़ना होगा।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। जो लोग नौकरी की तलाश में दर-दर भटक रहे हैं, उन्हें कोई शुभ सूचना सुनने को मिल सकती है।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी, जो आपको खुशी देगी।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपका किसी नये घर, मकान, दुकान आदि को खरीदने का सपना पूरा होगा। संपत्ति में इजाफा होने से आपको खुशी होगी।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा, तभी आपके काफी काम पूरे होंगे।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप अपने ज्ञान को बढ़ाने की कोशिश में लगे रहेंगे, जिसके लिए आप कोई मौका हाथ से नहीं जाने देंगे।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आप अपने कामों को लेकर भागदौड़ में लगे रहेंगे, तभी आपके काफी काम पूरे होंगे।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए मौज मस्ती से भरा रहने वाला है। आपको वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा, नहीं तो कोई दुर्घटना होने की संभावना है।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए लेनदेन से संबंधित मामलों में सावधान रहने के लिए रहेगा। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लग सकती है। तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए दीर्घकालिक योजना को गति दिलाने वाला रहेगा। आपको मेहनत का पूरा फल मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपके बॉस कामों से बहुत खुश रहेंगे।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार को संयम रखने के लिए रहेगा। आप किसी से कोई बात बहुत ही सोच समझकर बोले।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं को बढ़ाने वाला रहेगा। आप अपनी शान शौकत पर पूरा ध्यान देंगे, जिसमें खर्चा भी खूब करेंगे। आप अकस्मात यात्रा पर जा सकते हैं।

## विदेश की खबरें

# शेख हसीना ने यूनुस शासन को 'फासीवादी' बताया, अत्याचारों के खिलाफ न्याय का संकल्प लिया

**ढाका/कोलकाता :** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अपने देश के अंतरिम प्रशासन पर तीखा हमला करते हुए इसके मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस पर आतंकवादियों और कट्टरपंथियों को बिना रोक-टोक के काम करने की अनुमति देने वाला 'फासीवादी प्रशासन' चलाने का आरोप लगाया। हसीना ने रविवार को लंदन में 'अवामी लीग' के विदेशी समर्थकों की एक सभा को डिजिटल तरीके से संबोधित करते हुए यूनुस पर जुलाई-अगस्त में हुई उस उथल-पुथल का 'मुख्य साजिशकर्ता' होने का आरोप लगाया, जिसने उनकी सरकार को सत्ता से बेदखल कर दिया। पूर्व प्रधानमंत्री ने यूनुस और उनके सहयोगियों को बांग्लादेशी कानून के तहत न्याय के कठघरे में लाने का संकल्प लिया। उन्होंने बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों के कथित उत्पीड़न के लिए यूनुस और उनकी अंतरिम सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा, 'पांच अगस्त के बाद से अल्पसंख्यकों, हिंदुओं, ईसाइयों और बौद्ध धर्म के अनुयायियों के पूजा स्थलों पर हमले बढ़ गए हैं। हम इसकी निंदा करते हैं। नए शासन में जमात और आतंकवादियों को खुली छूट मिल गई है।' हसीना के संबोधन की ऑडियो रिकॉर्डिंग 'बांग्लादेश स्टूडेंट्स लीग' और 'बांग्लादेश अवामी लीग' के फेसबुक पेज पर साझा की गई। उनकी यह टिप्पणी विदेश सचिव विक्रम मिसरी की सोमवार को ढाका यात्रा से पहले आई है। मिसरी ने ढाका यात्रा के दौरान अल्पसंख्यकों की सुरक्षा पर भारत की चिंताओं को व्यक्त किया और देश में 'सांस्कृतिक, धार्मिक और राजनयिक संपत्तियों पर हमलों की खेदजनक घटनाओं' का जिक्र किया। बांग्लादेश में पिछले कुछ सप्ताहों में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की घटनाओं के साथ-साथ मंदिरों पर हमलों की घटनाएं बढ़ी हैं, जिसे लेकर भारत ने चिंता जताई है। हसीना ने फोन के जरिए 37 मिनट के अपने डिजिटल संबोधन के दौरान कहा, बांग्लादेश अब एक फासीवादी शासन की चपेट में है, जहां लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों को खत्म कर दिया गया है। गरीबी उन्मूलन और बुनियादी ढांचे के विकास, लोकतंत्र को मजबूत करने में हमारी सरकार की उपलब्धियां यूनुस के नेतृत्व में पानी फेरा जा रहा है।' हसीना ने यूनुस सरकार पर आगजनी और हत्याओं में शामिल लोगों सहित आतंकवादियों और अपराधियों को क्षमादान देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, 'बांग्लादेश की संसद पर हमलों और अन्य अत्याचारों के लिए जिम्मेदार लोगों सहित दोषी ठहराए गए अपराधियों और आतंकवादियों की रिहाई इस सरकार की मिलीभगत को साबित करती है।'

## वर्ग पहेली नं. 2941

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | ■ | 3 | | 4 | 5 |
| ■ | ■ | 6 | | 7 | | | ■ | 8 | |
| 9 | | | ■ | | ■ | 10 | 11 | ■ | |
| | ■ | 12 | 13 | | 14 | ■ | 15 | 16 | |
| 17 | 18 | | | ■ | | ■ | 19 | | ■ |
| ■ | | ■ | | ■ | 20 | 21 | | ■ | 22 |
| 23 | | ■ | 24 | 25 | ■ | | ■ | 26 | |
| 27 | | 28 | ■ | 29 | | | 30 | ■ | |
| | ■ | 31 | | | ■ | 32 | | | |

बायें से दायें:- 1) छटपटाहट, 3) एक रत्न, 6) घूसख़ोर, 8) चट्टान; पाषाण पटल, 9) धनुर्ज्या; चापकर्ण, 10) चमड़ा, 12) छूट, 15) संहार, 17) शासनसंस्था, 19) देवता, 20) धनापहरण, 23) अलावा, 24) लक्ष्मी, 26) टकटकी; गड़ी नज़र, 27) शिक्षा, 29) भड़कना; धधकना, 31) तथ्यात्मक; बेचूक; सुपरिभाषित; वस्तुनिष्ठ, 32) अल्पतम.

ऊपर से नीचे:- 2) सेविका; नर्स, 3) पूर्वज, 4) जोड़ फल, 5) ईन्धन, 7) मग्न, 9) कोशिश, 11) एक पौधा जिसकी जड़ मसाले के काम में आती है, 13) इधर से उधर तक, 14) लहर, 16) पुंल्लिंगीय, 18) पहरा; संरक्षण, 21) मार्गभ्रष्ट होना, 22) और कोई नहीं; अपने जैसा एक, 23) एक वाद्य, 25) नशीला, 28) नई मूँछ, 30) शीर्षक; प्रतिष्ठा; सम्मान; स्टारडम.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | जी | ब | ■ | ■ | आ | वा | रा | ग | र्द |
| ल | ■ | र | ज | नी | श | ■ | ह | ल | ■ |
| ग | र | बा | ■ | ला | य | क | ■ | त | ब |
| ■ | ब | द | ना | म | ■ | सी | ता | फ | ल |
| सा | ड़ी | ■ | न | ■ | खा | स | ■ | ह | ■ |
| मो | ■ | अ | क | स | र | ■ | क | मी | ना |
| प | तं | ग | ■ | ■ | ब | ग | ला | ■ | गा |
| चा | ■ | वा | स | व | ■ | ■ | कं | प | न |
| र | ज | नी | ■ | धा | न्य | वा | द | ■ | न |

## सुडोकू-पहेली-2901

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | 4 | 5 | |
| | | | | | 3 | | | |
| | | | | 1 | | | | |
| | | | 4 | | 6 | | 7 | |
| | 1 | | | 2 | | | | |
| | | 9 | | | | | | 5 |
| | 3 | | | | | 1 | | 8 |
| 4 | | | 7 | | | | | |
| | | | | | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 2900 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 9 | 3 | 6 | 8 | 7 | 5 | 1 |
| 6 | 3 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 4 | 9 |
| 5 | 1 | 7 | 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 3 |
| 3 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 | 9 | 8 | 5 |
| 7 | 5 | 1 | 8 | 9 | 2 | 6 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 2 | 7 |
| 1 | 6 | 5 | 2 | 3 | 9 | 4 | 7 | 8 |
| 2 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 | 3 | 9 | 6 |
| 8 | 9 | 3 | 6 | 4 | 7 | 5 | 1 | 2 |

# बंगाल के शहरी क्षेत्रों में प्रत्येक पांच साल में बढ़ेंगे 10 प्रतिशत संपत्ति कर, विधानसभा से विधेयक पारित

## मंत्री ने कहा... 'टीएमसी सरकार ने राज्य के शहरी क्षेत्रों में इंस्पेक्टर राज को खत्म किया'

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के शहरी क्षेत्रों में अब प्रत्येक पांच साल में 10 प्रतिशत संपत्ति कर बढ़ेंगे। संपत्ति के मूल्यों में भी अब से हर पांच साल में सालाना 10 प्रतिशत की वृद्धि मानी जाएगी। ऐसे में उसी अनुपात में हर पांच साल में 10 प्रतिशत की वृद्धि के साथ संपत्ति कर का भी भुगतान करना पड़ेगा। इस नियम को लागू करने के लिए सोमवार को राज्य विधानसभा से दो विधेयकों- पश्चिम बंगाल नगर निगम संशोधन विधेयक 2024 और पश्चिम म्युनिसिपल (संशोधन) विधेयक, 2024 को चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। विपक्षी भाजपा के विधायकों ने दोनों संशोधन विधेयक का विरोध किया। राज्य के शहरी विकास व नगरपालिका मामलों के मंत्री फिरहाद हकीम ने इन दोनों विधेयकों को सदन में पेश किया। विधेयक पारित होने से पहले सदन में चर्चा का जवाब देते हुए मंत्री हकीम ने दावा किया कि टीएमसी सरकार ने पिछले वाममोर्चा शासन के दौरान राज्य की नगरपालिकाओं में मौजूद 'इंस्पेक्टर राज' को खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा कि वाममोर्चा शासन के दौरान संपत्ति कर (टैक्स) बिल तैयार करने के लिए घर-घर की तलाशी ली जाती थी, जिससे कई बार अनुचित व्यवहार और इंस्पेक्टर राज को बढ़ावा मिलता था। उन्होंने कहा कि इसका समाधान करने और संपत्ति मूल्यांकन में पारदर्शिता और निष्पक्षता लाने के लिए टीएमसी सरकार एक डिजिटल सर्वेक्षण ऐप पेश करेगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह ऐप विसंगतियों को कम करेगा और नागरिकों को अपने स्वयं के कर आकलन का सुझाव देने की अनुमति देगा, जिसे फिर वैल्यूएशन बोर्ड के समक्ष सुनवाई के दौरान सत्यापित किया जाएगा। अंतिम निर्णय प्रशासन द्वारा किया जाएगा। हकीम ने कहा कि हमारी सरकार लोगों पर भरोसा करती है। हम हर चीज से ज्यादा मानवता में विश्वास करते हैं। हकीम ने केंद्र सरकार पर राज्य के लिए जरूरी फंड आवंटित नहीं करने का भी आर-ोप लगाया और दावा किया कि वित्तीय संकट के बावजूद राज्य ने अपने विकास प्रयासों को जारी रखा है। उन्होंने दावा किया कि बंगाल का जीडीपी राष्ट्रीय औसत



से अधिक है, जो शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में महत्वपूर्ण विकास को दर्शाता है।

❑ **खाली टैंकों में पानी जमा होने के कारण डेंगू का प्रकोप**

हालांकि, उन्होंने स्वीकार किया कि तेजी से शहरीकरण के कारण खाली टैंकों में पानी जमा होने के कारण कुछ ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में डेंगू का प्रकोप बढ़ा है। उन्होंने दावा किया कि राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने स्थिति को सफलता-पूर्वक संभाला है। विपक्षी भाजपा विधायकों द्वारा विधेयक का विरोध करने के सवाल पर हकीम ने कहा कि हमें समय बीतने के साथ कानूनों को अपडेट करना चाहिए। हम तर्कसंगतता में विश्वास करते हैं। भाजपा विधायक अरूप कुमार दास ने संशोधन विधेयकों में कुछ बदलाव का सुझाव दिया, लेकिन हकीम ने जवाब दिया कि मैंने संशोधन मसौदे की समीक्षा की है। भाजपा विधायक द्वारा सुझाए गए किसी भी बदलाव की आवश्यकता नहीं है। विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।

### उत्तर बंगाल की तीन नगरपालिकाओं के जल्द कराए जाएंगे चुनाव : फिरहाद हकीम

बंगाल सरकार उत्तर बंगाल की तीन नगरपालिकाओं के चुनाव के लिए जल्द प्रक्रिया शुरू करेगी। राज्य के शहरी विकास व नगरपालिका मामलों के मंत्री फिरहाद हकीम ने सोमवार को विधानसभा में इसकी जानकारी दी। ये तीन नगरपालिका कर्सियांग, मिरिक और कलिम्पोंग हैं। इसमें कर्सियांग व मिरिक दार्जिलिंग जिले में आते हैं। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक सवाल का जवाब देते हुए मंत्री ने सदन को बताया कि हम जल्द ही तीनों नगरपालिकाओं कर्सियांग, मिरिक और कलिम्पोंग में चुनाव कराने की प्रक्रिया शुरू करेंगे। हम इन इलाकों में रहने वाले लोगों को बेहर नागरिक सुविधाएं प्रदान करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव की तारीखों की घोषणा जल्द ही की जाएगी। तीनों नगरपालिकाओं के लिए आखिरी बार सात साल पहले 2017 में चुनाव हुए थे और वर्तमान में ये नगर निकाय राज्य सरकार द्वारा नियुक्त प्रशासकों के शासन में है। गोरखा जनमुक्ति मोर्चा (जीजेएम) ने 2017 में तीनों नगर पालिकाओं के लिए चुनाव जीता था। वहीं, दार्जिलिंग नगर पालिका के चुनाव 2022 में हुए थे। मंत्री फिरहाद ने कहा कि चुनाव होने के बाद पहाड़ वासियों को और बेहतर सेवाएं मिलेगी।

## मुर्शिदाबाद में बनेगी अयोध्या से बड़ी बाबरी मस्जिद, तृणमूल विधायक ने की घोषणा

❑ **हुमायूं कबीर ने कहा... 'मैं दूंगा एक करोड़ रुपये'**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में नई बाबरी मस्जिद बनने जा रही है। नींव 6 दिसंबर, 2025 को रखी जाएगी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को इसके लिए निमंत्रण पत्र दिया जाएगा। अयोध्या में जो बाबरी मस्जिद थी, उससे भी बड़ी मस्जिद बनाई जाएगी। यह घोषणा हमेशा विवादित बयानों से सुर्खियों में रहने वाले तृणमूल कांग्रेस के भरतपुर से विधायक हुमायूं कबीर ने सोमवार को की है। हुमायूं ने कहा कि इसके लिए पैसे की कोई दिक्कत नहीं होगी, क्योंकि वे खुद इसके लिए एक करोड़ रुपए देंगे। यह मस्जिद मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में बनाई जाएगी। एक सवाल के जवाब में भरतपुर के तृणमूल विधायक हुमायूं कबीर ने कहा कि बेलडांगा और बहरमपुर इलाके में जितने भी मदरसे हैं, उनके अध्यक्ष और महासचिवों को मिलाकर 100 या उससे अधिक लोगों की एक बाबरी कमेटी बनाई जाएगी। अचानक ऐसा निर्णय क्यों लिया गया, इस पर उन्होंने कहा, कि इस्लाम धर्मावलंबी लोगों की भावनाओं का सम्मान करते हुए मैंने यह घोषणा की है। उन्होंने कहा कि मस्जिद के निर्माण रुपयों का कोई अभाव नहीं होगा। बेलडांगा और बहरमपुर इलाके में जितने मदरसे हैं, सभी मदरसों के प्रेसिडेंट और सेक्रेटरी को मिलाकर 100 या उससे कुछ ज्यादा लोगों की एक बाबरी मस्जिद ट्रस्ट बनाई जाएगी। बंगाल में 35 प्रतिशत लोग मुस्लिम हैं, मुर्शिदाबाद में 75 प्रतिशत लोग मुस्लिम हैं। उनकी भावनाओं को ध्यान में रखते हुए यह मस्जिद बनाई जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि बेलडांगा में लगभग 80 प्रतिशत लोग मुस्लिम हैं। इस बेलडांगा में राज्य का सबसे पुराना मदरसा है, जिसकी उम्र लगभग 111 वर्ष है। इसलिए उन्होंने बाबरी मस्जिद बनाने के लिए इस स्थान को चुना है। विधायक ने बताया कि 6 दिसंबर, 2025 को मस्जिद की नींव रखी जाएगी। मस्जिद का पूरा निर्माण 3 से 5 साल में पूरा होगा। उन्होंने कहा कि अयोध्या में जो बाबरी मस्जिद थी, उससे भी बड़ी मस्जिद बनाई जाएगी। विधायक ने कहा कि वह मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भी निमंत्रण भेजेंगे। उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में बुलाऊंगा। ट्रस्ट से कहूंगा कि उन्हें आमंत्रित करने के लिए।

## अब पांच विधायकों ने ममता से मिलकर महुआ मोइत्रा को हटाने का किया अनुरोध

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्र की तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ शिकायती पत्र लिखने के बाद सोमवार को पांच विधायकों ने मुख्यमंत्री व पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी से मुलाकात की और महुआ को जिले के पद से हटाने का अनुरोध किया। हालांकि, ममता बनर्जी ने विधायकों से कहा कि महुआ पर अभी कोई फैसला नहीं हुआ है, पार्टी की जिलेवार बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक, छह विधायकों ने ममता बनर्जी को पत्र लिखकर महुआ के खिलाफ कई आरोप लगाए हैं। सोमवार नक्काशीपाड़ा, पलाशीपाड़ा, तेहट्ट, चपड़ा, कृष्णानगर दक्षिण के विधायकों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी और अपनी बातें रखी।

## बांग्लादेश पर ममता का बयान छवि बचाने की कोशिश : शुभेंदु अधिकारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का बांग्लादेश की स्थिति पर विधानसभा में दिया गया बयान कुछ और नहीं, बल्कि 'अपनी छवि बचाने का प्रयास' है। विपक्ष के नेता अधिकारी ने यह भी दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस के मंत्रियों और विधायकों को पड़ोसी देश बांग्लादेश में अत्याचार की घटनाओं के खिलाफ रैलियां करने की अनुमति दी गई थी जबकि 'हिंदुओं को इसी तरह का मार्च आयोजित करने के लिए अदालत का रुख करना पड़ता है'। इस दिन, शुभेंदु अधिकारी ने संवाददाताओं से कहा कि वह अपनी छवि बचाने के लिए ये सब कह रही हैं। उनके मंत्री सिद्दीकुल्ला चौधरी मोहम्मद यूनुस की तारीफ कर रहे हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना कर रहे हैं। उनके अन्य मंत्रियों जैसे फिरहाद हकीम और तोहा सिद्दीकी को बांग्लादेश की घटनाओं के खिलाफ कोई भी मार्च निकालने के लिए रानी राशमणि रोड का उपयोग करने की अनुमति है लेकिन, जब हिंदू कोई विरोध प्रदर्शन करने की कोशिश करते हैं, तो उन्हें कलकत्ता उच्च न्यायालय का रुख करना पड़ता है। भाजपा नेता ने ममता बनर्जी पर उनके उस बयान के लिए भी निशाना साधा जिसमें उन्होंने कहा था कि पश्चिम बंगाल में तनाव पैदा करने के लिए (बांग्लादेश की स्थिति के संबंध में) फर्जी वीडियो प्रसारित करने के लिए एक 'विशेष राजनीतिक दल' जिम्मेदार है। भाजपा नेता ने दावा करते हुए कहा कि ममता बनर्जी फर्जी व्याख्यान दे रही हैं। बांग्लादेश में इतनी सारी घटनाएं हो चुकी हैं। क्या ये वीडियो फर्जी हैं? गोपालगंज में हिंदुओं को जिंदा जला दिया गया। प्रभु जगन्नाथ के मंदिर में तोड़फोड़ की गई और इस्कॉन के भक्तों पर अत्याचार किया जा रहा है। क्या ये वीडियो फर्जी हैं? कुछ लोग पश्चिम बंगाल में बनी साड़ियां जला रहे हैं। उन्होंने कहा कि ममता खुद फर्जी हैं और अपनी तुष्टिकरण की राजनीति के कारण सदन में ये सब झूठी और राजनीति से प्रेरित बातें कह रही हैं।

## मुख्यमंत्री ममता ने राजभवन जाकर राज्यपाल से की शिष्टाचार मुलाकात

❑ **सौहार्दपूर्ण माहौल में दोनों ने विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राजभवन और राज्य सरकार के बीच कम होती कड़वाहट के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार की शाम राजभवन जाकर राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस के साथ शिष्टाचार मुलाकात की। राजभवन सूत्रों के अनुसार, राज्यपाल व मुख्यमंत्री के बीच करीब 40 मिनट तक बैठक चली। इस दौरान, सौहार्दपूर्ण माहौल में



दोनों ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। मुलाकात के बाद, राजभवन से बाहर निकलने पर हालांकि ममता ने मीडिया से कोई बातचीत नहीं की। वहीं, राजभवन के मीडिया सेल ने मुख्यमंत्री व राज्यपाल के बीच मुलाकात की तस्वीर इंटरनेट मीडिया पर साझा करते हुए लिखा कि आज के विचार, असली दोस्ती फ्लोरेंस की तरह होती है, जब सब कुछ अंधेरा हो जाता है तो यह और भी बेहतर तरीके से चमकती है। भले ही हम अलग हो जाएं, लेकिन हम एक पेड़ की शाखाओं की तरह जुड़े रहते हैं जो एक-दूसरे की ओर बढ़ती हैं। बता दें कि बीते 10 दिनों के भीतर राज्यपाल व ममता के बीच यह दूसरी मुलाकात है। इससे पहले राज्यपाल बोस बंगाल विधानसभा उपचुनाव में नव निर्वाचित सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के छह विधायकों को शपथ दिलाने बीते दो दिसंबर को जब विधानसभा गए थे तो ममता के साथ उनकी मुलाकात हुई थी।

### पांचवीं बार कालीघाटे काकू कोर्ट में नहीं हुए पेश

## 'मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए क्यों मांगी जा रही मंजूरी', हाईकोर्ट ने सीबीआई से पूछा

**कोलकाता, समाज्ञा**

कलकत्ता हाई कोर्ट ने सोमवार को शिक्षक भर्ती घोटाले में मुख्य आरोपित को गिरफ्तार दिखाने के उसके तरीके पर सीबीआई से सवाल पूछे। कोर्ट ने पूछा कि सीबीआई बार-बार इजाजत मांगकर क्या दिखाना चाहती है। न्यायमूर्ति जयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति गौरांग कंथ की खंडपीठ ने सवाल किया कि जांच एजेंसी के तौर पर सीबीआई मुख्य आरोपित सुजयकृष्ण भद्र को सीधे जेल में क्यों नहीं गिरफ्तार कर रही है, जहां वह अभी बंद है और इसके बजाय अदालत से गिरफ्तारी की मंजूरी लेने की कोशिश कर रही है। कोर्ट ने एजेंसी को यह भी याद दिलाया कि 29 नवंबर को एक विशेष अदालत ने सीबीआई को जेल में सीधे भद्र को गिरफ्तार करने की अनुमति दे दी है। भद्र फिलहाल कोलकाता के प्रेसिडेंसी जेल में है। पिछले साल ईडी के अधिकारियों द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद से वह न्यायिक हिरासत में है, जो भर्ती घोटाले में समानांतर जांच कर रही है। हाल में सीबीआई ने भी इस घोटाले में कुछ सुबूत मिलने का दावा कर भद्र को गिरफ्तार दिखाने की पहल की थी। लेकिन सीबीआई अधिकारियों द्वारा उसे विशेष अदालत में पेश करने के लिए बार-बार किए गए प्रयास विफल रहे क्योंकि जेल अधिकारियों ने बताया कि भद्र की चिकित्सा स्थिति अदालत में पेश होने के लिए उपयुक्त नहीं है। सोमवार को खंडपीठ ने यह भी सवाल किया कि सीबीआई भद्र को विशेष अदालत में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए वर्चुअली पेश करने की व्यवस्था क्यों नहीं कर रही है। इस बीच न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष की एकल पीठ ने पिछले दिनों शिक्षक भर्ती घोटाले में ईडी द्वारा दर्ज मामले में भद्र को जमानत दे दी है।

## सुप्रीम कोर्ट ने कांथी में सहकारी बैंक के चुनाव में केंद्रीय बलों की तैनाती का दिया आदेश

❑ **मतदाताओं को मतदान केंद्र तक ले जाने की व्यवस्था करने का भी दिया आदेश**

**नई दिल्ली/कोलकाता :** बंगाल में चुनाव के दौरान केंद्रीय बल का आना कोई नई बात नहीं है। विधानसभा, लोकसभा से लेकर पंचायत चुनाव में केंद्रीय बलों की तैनाती की जाती रही है। लेकिन, इस बार, राज्य में सहकारी बैंक के चुनाव में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की तैनाती की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को यह आदेश दिया। इसके अलावा, बंगाल सरकार को यह भी निर्देश दिया गया है कि निष्पक्ष मतदान के लिए मतदाताओं को मतदान केंद्र तक ले जाने की व्यवस्था की जाए। 15 दिसंबर को पूर्व मेदिनीपुर के कांथी में सहकारी बैंक का चुनाव होगा। सुप्रीम कोर्ट ने संवेदनशील बूथों पर केंद्रीय



अर्धसैनिक बलों की तैनाती का आदेश दिया है। सभी मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी लगाने का भी आदेश दिया है। दरअसल, 15 दिसंबर को राष्ट्रीय स्तर की एक परीक्षा के कारण पांच मतदान केंद्रों को बदलना पड़ा है। ऐसी आशंका है कि जिन इलाकों में नए मतदान केंद्र बनाए जा रहे हैं, वहां कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने की आशंका है। इसे देखते हुए पांच मतदान केंद्रों पर अर्धसैनिक बलों की तैनाती का आदेश दिया।

## सिलीगुड़ी होटल व्यवसायी संघ का फैसला, बांग्लादेशियों को नहीं ठहराने का ऐलान

**सिलीगुड़ी :** ग्रेटर सिलीगुड़ी होटलियर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने सोमवार को बांग्लादेशी नागरिकों को होटलों में न ठहराने का फैसला किया है। होटल एसोसिएशन का ये फैसला भारतीय झंडे के कथित अपमान, कुछ नेताओं के भड़काऊ बयानों और पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों पर कथित हमलों के विरोध के रूप में सामने आया है। इस दिन, ग्रेटर सिलीगुड़ी होटलियर्स वेलफेयर एसोसिएशन के संयुक्त सचिव उज्ज्वल घोष ने कहा कि मालदह ने पिछले हफ्ते फैसला लिया था कि वे किसी भी बांग्लादेशी सैलानी को अनुमति नहीं देंगे, तब से हम इसके बारे में सोच रहे थे। छह दिसंबर को एक संगठन ने सिलीगुड़ी के होटलों में किसी भी बांग्लादेशी नागरिक को प्रवेश नहीं देने का नोटिस दिया था।



सात दिसंबर को कार्यकारी समिति की बैठक हुई और फिर सर्वसम्मति से सदस्यों ने सिलीगुड़ी के होटलों में बांग्लादेशी सैलानियों को जगह नहीं देने के पक्ष में फैसला किया। बता दें कि सिलीगुड़ी में करीब 180 होटल हैं जो एसोसिएशन के अंतर्गत आते हैं। सिलीगुड़ी के होटलों में हर महीने करीब दो हजार बांग्लादेशी नागरिक रुकते हैं। वहीं, पर्यटन सीजन में ये संख्या बढ़ जाती है।

## शराब पीकर गाड़ी चलाने से दुर्घटना में किसी के मारे जाने पर अनैच्छिक हत्या का मामला दर्ज हो : हाईकोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा**

कलकत्ता हाईकोर्ट ने सोमवार को कहा कि यदि कोई व्यक्ति शराब के नशे में गाड़ी चलाता है और दुर्घटना किसी पैदल यात्री या किसी अन्य वाहन के चालक या यात्री की मौत हो जाती है, तो नशे में धुत चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया जाना चाहिए। जस्टिस तीर्थंकर घोष ने कहा कि इससे जीवन की हानि होती है। लेकिन कई मामलों में गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज नहीं किया जाता। छोटी-मोटी दुर्घटनाओं के मामले में छूट दी जा सकती है, लेकिन कोर्ट ने सवाल किया कि बड़ी दुर्घटनाओं के मामले में छूट क्यों दी जा रही है, जज के निर्देशानुसार



पुलिस को नई धाराएं जोड़नी होंगी। दरअसल, एक व्यक्ति ने हाईकोर्ट में मामला दायर किया था कि पुलिस उनके बेटे की सड़क दुर्घटना में मौत के मामले की ठीक से जांच नहीं कर रही है। उन्होंने दावा किया कि ड्राइवर ने नशे में गाड़ी चलाते हुए उनके बेटे को टक्कर मार दी। लेकिन पुलिस सामान्य मामला दर्ज कर जांच कर रही है। न्यायाधीश ने इसी मामले की सुनवाई के दौरान यह बात कही।

दरअसल, शराब पीकर गाड़ी चलाते हुए पुलिस द्वारा पकड़े जाते हैं तो आपको जुर्माना देना होगा। पुलिस आरोपित को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर सकती है। इसमें छह महीने से दो साल तक की सजा भी हो सकती है। साथ ही, जुर्माना भी देना होगा। भारतीय यातायात कानून यह भी निर्दिष्ट करते हैं कि कोई चालक कितनी मात्रा में शराब पीकर गाड़ी चला सकता है। अधिनियम की धारा 185 में कहा गया है कि 100 ग्राम रक्त में 30 मिलीग्राम तक अल्कोहल होने पर यह दंडनीय नहीं है। इससे ऊपर पुलिस कार्रवाई कर सकती है। यह नियम दो, तीन, चार पहिया वाहनों के लिए समान है।

**Name Change**

I, Jarina Khatun, wife of Haider Ali, residing at Panchpara, Radhadasi, Sankrail, Howrah-711317, do hereby solemnly affirm and declare that my original name is Jarina Khatun and Jarina Khatun and Zareena Khatoon is one and same identical person via affidavit in the Court of Ld Executive Magistrate 1st Class at Howrah dated 9th December 2024.

**ABRIDGED TENDER NOTICE**
**N.I.T. No. –WBGP/GUA/08/2024-2025 ; Dated-10/12/2024.**
The Pradhan, Guaberia Gram Panchayat invites percentage rate tenders through E-tendering for Construction of Market Building at Kashipur Hospital More under Guaberia GP 01(One) sites in GP area under XVFC Fund,_Untied Grant Plan Year 2024-25 by two folder system. Intending bidders may access detailed information and respond from e-procurement portal of Government of West Bengal at **https://www.wbtenders.gov.in** on and from 10th December **(Tuesday), 2024 at 10-30 Hours to 16th day of December, 2024 (Monday) up to 17-30 Hours.**
Sd/-
Pradhan
Guaberia Gram Panchayat

**ABRIDGED TENDER NOTICE**
**N.I.T. No. –WBGP/GUA/07/2024-2025 ; Dated-23/09/2024.**
The Pradhan, Guaberia Gram Panchayat invites percentage rate tenders through E-tendering for Installation Water ATM at Krishnanagar under Guaberia GP 01(One) sites in GP area under XVFC Fund_Tied Grant Plan Year 2024-25 by two folder system. Intending bidders may access detailed information and respond from e-procurement portal of Government of West Bengal at https://www.wbtenders.gov.in on and from 10th December **(Tuesday), 2024 at 10-30 Hours to 16th day of December, 2024 (Monday) up to 17-30 Hours..**
Sd/-
Pradhan
Guaberia Gram Panchayat

**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के कुलपी में एक तृणमूल पंचायत सदस्य की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान नुरुद्दीन हलदर के रूप में की गई है। वह कुलपी के दौलतपुर का निवासी था। वह गाज़ीपुर पंचायत के तृणमूल सदस्य थे। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के नाम इलियास हलदर और रऊफ हुसैन हलदर है। मिली जानकारी के अनुसार, रविवार की शाम करीब 7.30-8 बजे के बीच वह नमाज पढ़ने के लिए मस्जिद जा रहे थे। तभी, घर से तीन-चार मिनट की दूरी पर बदमाशों ने उसे सड़क पर घेर लिया और उसके शरीर पर धारदार हथियार से वार कर दिया। जब वह लहूलुहान हालत में सड़क पर गिर पड़ा तो स्थानीय लोगों ने उसे बचाया और कुलपी ग्रामीण अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हालांकि, तृणमूल ने अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं की है कि राजनीति और इस घटना के बीच कोई संबंध है या नहीं। पुलिस के मुताबिक, रात तक मृतक के परिवार से किसी ने कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई। शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जांच शुरू हो गई है। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस बीच, तृणमूल नेता की हत्या से इलाके में व्यापक तनाव फैल गया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

## 'धर्म के आधार पर नहीं हो सकता आरक्षण'...

(पृष्ठ 1 का शेषांश)

न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि आरक्षण धर्म के आधार पर नहीं हो सकता। राज्य सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि यह धर्म के आधार पर नहीं है। यह पिछड़ेपन के आधार पर है। उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में 2010 से कई जातियों को दिया गया ओबीसी का दर्जा रद्द कर दिया था और सार्वजनिक क्षेत्र की नौकरियों और सरकारी शैक्षणिक संस्थानों में उनके लिए आरक्षण को अवैध ठहराया था। अपने फैसले में उच्च न्यायालय ने कहा कि वास्तव में इन समुदायों को ओबीसी घोषित करने के लिए धर्म ही एकमात्र मानदंड प्रतीत हो रहा है। उच्च न्यायालय ने आगे कहा कि मुसलमानों के 77 वर्गों को पिछड़ों के रूप में चुना जाना समग्र रूप से मुस्लिम समुदाय का अपमान है। राज्य के 2012 के आरक्षण कानून और 2010 में दिए गए आरक्षण के प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर निर्णय लेते हुए, उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि हटाए गए वर्गों के उन नागरिकों की सेवाएं, जो पहले से ही सेवा में थे या आरक्षण का लाभ उठा चुके थे, या राज्य की किसी भी चयन प्रक्रिया में सफल हुए थे, इस निर्णय से प्रभावित नहीं होंगी। उच्च न्यायालय ने कुल मिलाकर अप्रैल, 2010 और सितंबर, 2010 के बीच 77 वर्गों को दिए गए आरक्षण को रद्द कर दिया था। उसने पश्चिम बंगाल पिछड़ा वर्ग (अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अलावा) (सेवाओं और पदों में रिक्तियों का आरक्षण) अधिनियम, 2012 के तहत ओबीसी के रूप में आरक्षण के लिए 37 वर्गों को भी रद्द कर दिया। सोमवार को सुनवाई के दौरान, शीर्ष अदालत ने मामले में उपस्थित वकीलों से मामले का अवलोकन करने को कहा। उच्च न्यायालय के फैसले का उल्लेख करते हुए सिब्बल ने कहा कि अधिनियम के प्रावधानों को निरस्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इसलिए इसमें बहुत गंभीर मुद्दे शामिल हैं। यह उन हजारों छात्रों के अधिकारों को प्रभावित करता है जो विश्वविद्यालयों में प्रवेश पाने के इच्छुक हैं, जो लोग नौकरी चाहते हैं। इसलिए सिब्बल ने पीठ से आग्रह किया कि कुछ अंतरिम आदेश पारित किए जाएं और उच्च न्यायालय के आदेश पर पूर्वदृष्टया रोक लगाई जाए। पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता पी एस पटवालिया सहित अन्य वकीलों की दलीलें भी सुनीं, जो मामले में कुछ प्रतिवादियों का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह सात जनवरी को विस्तृत दलीलें सुनेगी।

## न्यूज इन ब्रीफ

### महिला अपने बेटे की मौत का बदला लेने के लिए लड़के की हत्या की

**मेदिनीनगर (झारखंड) :** झारखंड के पलामू जिले में आठ साल के एक लड़के की उसकी एक रिश्तेदार ने अपने बेटे की मौत का बदला लेने के लिए कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी। रिश्तेदार को शक था कि लड़के की दादी जादू-टोना करती है और उसी कारण उसके पांच माह के बेटे की मौत हुई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह घटना रविवार को चैनपुर पुलिस थानाक्षेत्र के सलतुआ गांव में हुई। चैनपुर थाने के प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि मृतक बच्चे की मां कविता देवी ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी रिश्तेदार सुनीता देवी रविवार को उसके आठ वर्षीय बेटे को घर से ले गई और उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि आरोपी महिला को हिरासत में लेकर सोमवार को उससे पूछताछ की गई। उन्होंने बताया, 'पूछताछ के दौरान मृतक बच्चे की रिश्तेदार (आरोपी) ने स्वीकार किया कि उसे संदेह है कि लड़के की दादी ने 28 नवंबर को जादू-टोना करके उसके पांच महीने के बेटे को मार डाला। उसके बयान के अनुसार, उसने अपने बेटे की मौत का बदला लेने के लिए ही बच्चे की हत्या की।' अधिकारी ने बताया कि आरोपी महिला लड़के को खेत में ले गई, जहां उसने गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी।

### 150 फुट गहरे बोरवेल में गिरा पांच वर्षीय बच्चा, सुरक्षित बाहर निकालने के प्रयास जारी

**जयपुर :** राजस्थान के दौसा जिले में सोमवार दोपहर पांच वर्षीय एक बच्चा खुले बोरवेल में गिर गया और उसे सुरक्षित निकालने के प्रयास जारी हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। नांगल क्षेत्राधिकारी चारू गुप्ता ने बताया कि पांच वर्षीय एक बच्चा खेत में खुले बोरवेल में गिर गया। उन्होंने बताया कि 150 फुट गहरे बोरवेल पर ढक्कन नहीं था और खेलते समय पांव फिसलने की वजह से आर्यन उसमें गिर गया। अधिकारी ने बताया कि बच्चे को पाइप से ऑक्सीजन की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर जिलाधिकारी देवेंद्र कुमार सहित प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और बच्चे को सुरक्षित बाहर निकालने के प्रयासों की जानकारी ली।

# 'सशक्त भारत' के निर्माण के लिए 'स्वस्थ भारत' जरूरी : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



**गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'सशक्त भारत' के निर्माण के लिए 'स्वस्थ भारत' को जरूरी बताते हुए सोमवार को कहा कि सरकार हर नागरिक के आरोग्य के लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। मुख्यमंत्री यहां महंत दिग्विजयनाथ पार्क में 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के आयुष्मान वय वंदना कार्ड वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, सशक्त भारत के निर्माण के लिए स्वस्थ भारत जरूरी है। स्वस्थ भारत के लिए हर नागरिक की आरोग्यता के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में केंद्र और प्रदेश सरकार हर स्तर पर पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। आदित्यनाथ ने कहा कि आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना, आयुष्मान वय वंदना योजना हो या फिर मुख्यमंत्री राहत कोष से जरूरतमंदों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सभी स्वस्थ भारत के जरिये सशक्त भारत के निर्माण की दिशा में बढ़ाए गए कदम हैं। योगी ने इस अवसर पर 19 लाभार्थियों को वय वंदना कार्ड प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार हर जिले में सरकारी अस्पतालों में आईसीयू, डायलिसिस, सीटी स्कैन, कलर डॉपलर, एमआरआई, ब्लड बैंक, ब्लड कंपोनेंट यूनिट जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कर रही है और इसका लाभ बड़े पैमानों पर नागरिकों को मिल रहा है।

## नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहली पूर्ण परीक्षण उड़ान के तहत उतरा इंडिगो का ए320 विमान



**नोएडा :** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले में बन रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार को पहली पूर्ण परीक्षण उड़ान के तहत इंडिगो का एयरबस 320 विमान उतरा जिसका स्वागत पारंपरिक रूप से पानी की बौछार करके किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले के जेवर क्षेत्र में बनाया जा रहा है, जो दिल्ली से लगभग 75 किलोमीटर दूर है। यह दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाद राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का दूसरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा होगा। स्विट्जरलैंड की कंपनी ज्यूरिख इंटरनेशनल एयरपोर्ट एजी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड, सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल में उत्तर प्रदेश सरकार के लिए हवाई अड्डे का निर्माण कर रही है।

## संभल जामा मस्जिद सर्वेक्षण रिपोर्ट 15 दिनों के भीतर अदालत में की जाएगी पेश

**संभल :** उत्तर प्रदेश के संभल जिले की जामा मस्जिद के सर्वेक्षण की रिपोर्ट सोमवार को एडवोकेट कमिश्नर के खराब स्वास्थ्य के कारण अदालत में पेश नहीं की जा सकी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एडवोकेट कमिश्नर रमेश सिंह राघव ने संवाददाताओं को बताया कि उनका स्वास्थ्य खराब होने के कारण सर्वे रिपोर्ट दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) की अदालत में नहीं पेश की जा सकी। राघव ने अदालत में एक अर्जी दाखिल कर रिपोर्ट पेश करने के लिए 15 दिन का और समय मांगा, जिसे मंजूर कर लिया गया। उन्होंने बताया कि अदालत ने अर्जी पर विचार करते हुए कहा कि सर्वेक्षण रिपोर्ट 15 दिनों के भीतर दायर की जाए। राघव ने कहा, मैंने अदालत से 15 दिनों का समय मांगा था लेकिन मेरी अर्जी को 'कीप ऑन फाइल' के रूप में चिह्नित किया गया। क्योंकि उच्चतम न्यायालय ने स्थगन आदेश दिया है कि अधीनस्थ न्यायालय कोई आदेश पारित नहीं करेगी। अब उच्च न्यायालय में छह जनवरी की तारीख तय की गई है और हम 15 दिनों से पहले अपनी रिपोर्ट पेश करेंगे। एडवोकेट कमिश्नर ने इससे पहले संवाददाताओं से कहा था कि सर्वेक्षण की अंतिम रिपोर्ट तैयार है। उन्होंने कहा, यह रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में पेश की जाएगी लेकिन स्वास्थ्य कारणों से मैंने अदालत से 15 दिन का समय मांगा है। मुझे तीन-चार दिन से बुखार था। मैं अभी तक रिपोर्ट का विश्लेषण नहीं कर पाया हूं। वहीं, मुस्लिम पक्ष के वकील शकील अहमद वारसी ने कहा कि आयोग ने 15 दिन का समय मांगा था, जिस पर उन्होंने लिखित में आपत्ति जताई थी। वारसी ने कहा, अदालत ने उन्हें (एडवोकेट कमिश्नर को) कोई समय नहीं दिया। आज रिपोर्ट न तो दाखिल की गई है और न ही दाखिल की जाएगी। उन्होंने पहले 19 नवंबर को सर्वेक्षण किया और फिर 24 नवंबर को अदालत की अनुमति के बिना सर्वेक्षण किया। उन्हें 29 नवंबर को रिपोर्ट सौंपनी थी। फिर उन्होंने और समय मांगा। अदालत ने 10 दिन का समय दिया और अब वह फिर 15 दिन का मांग रहे हैं। जब आयोग का गठन हो चुका है, तो देरी किस बात की है?

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मंत्रियों ने विधानसभा सदस्य के रूप में शपथ ली



**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा के चार दिवसीय सत्र के पहले दिन सोमवार को सदन के सदस्य के रूप में शपथ ली। हेमंत सोरेन के मंत्रिमंडल में संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दीपक बिरुआ और श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव ने भी विधानसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। सदन की कार्यवाही पूर्वाह्न 11 बजे शुरू होने के तुरंत बाद विधानसभा के 'प्रोटेम स्पीकर' स्टीफन मरांडी ने मुख्यमंत्री और मंत्री समेत 80 निर्वाचित प्रतिनिधियों को विधायक के रूप में शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण कार्यक्रम के बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। मुख्यमंत्री ने बाद में संवाददाताओं से कहा, ''आज सभी विधायकों और मंत्रियों ने शपथ ली। कल विधानसभा में आगे की कार्यवाही होगी। विधानसभा के एक अधिकारी ने बताया कि अध्यक्ष का चुनाव मंगलवार को होगा।

किशोर ने कहा कि नाला विधायक रवींद्र नाथ महतो के निर्विरोध विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने की संभावना है, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सहित सभी सदस्यों ने इसके लिए अपनी सहमति दे दी है। विधानसभा के एक अधिकारी ने बताया कि 12 दिसंबर तक चलने वाले सत्र के दौरान विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव, राज्यपाल का अभिभाषण, दूसरा अनुपूरक बजट तथा राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा भी होनी है। हेमंत सोरेन ने 28 नवंबर को यहां एक भव्य समारोह में झारखंड के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में और 11 विधायकों ने पांच दिसंबर को राज्य के मंत्री के रूप में शपथ ली थी। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 23 नवंबर को झारखंड में लगातार दूसरी बार सत्ता हासिल की थी। इसने 81 सदस्यीय विधानसभा में 56 सीट हासिल की, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 24 सीट मिली थीं।

## न्यूज अपडेट

### मुगलों ने अपनी सभी मस्जिदें मंदिरों के ऊपर बनाईं : प्रवीण तोगड़िया

**बदायूं :** राष्ट्रीय बजरंग दल के अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया ने दावा किया कि मुगल काल में बनी सभी मस्जिदें मंदिरों को तोड़कर बनाई गई थीं। तोगड़िया ने रविवार शाम यहां बिल्सी इलाके में एक कार्यक्रम के दौरान यह टिप्पणी की। तोगड़िया का यह दौरा महाकुंभ से पहले उनके पश्चिमी उत्तर प्रदेश दौरे का हिस्सा है। तोगड़िया ने कहा, मुगल काल में बनी सभी मस्जिदें मंदिरों को तोड़कर बनाई गई थीं। बजरंग दल के अध्यक्ष ने दावा किया कि उन्होंने 12,000 मंदिरों की सूची देखी है, जिन्हें मस्जिद बनाने के लिए तोड़ दिया गया था। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के लोगों के खिलाफ हिंसा पर भी चिंता जताई। तोगड़िया ने कहा, अगर (प्रदर्शनकारियों की) लड़ाई बांग्लादेश सरकार से थी तो हिंदुओं को क्यों मारा गया। देश में ऐसी सरकार होनी चाहिए, जो हिंदुओं की रक्षा कर सके और उचित जवाब दे सके। इस वर्ष अगस्त में बांग्लादेश में शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार के पतन के बाद से पड़ोसी देश में हिंदू समुदाय सहित धार्मिक अल्पसंख्यकों समुदायों के खिलाफ व्यापक हिंसा की खबरें सामने आई हैं।

### संभल में तलाशी अभियान के दौरान स्मैक और पिस्तौल समेत आपत्तिजनक सामग्री बरामद

**संभल (उप्र) :** संभल जिले के दीपा सराय इलाके में सोमवार को तलाशी अभियान के दौरान पुलिस टीम ने स्मैक और पिस्तौल समेत आपत्तिजनक सामग्री बरामद की। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने संवाददाताओं को बताया कि सोमवार को दो थानों की पुलिस, त्वरित कार्रवाई बल और प्रादेशिक सशस्त्र कांस्टेबुलरी (पीएसी) की टीम ने 13 घरों की तलाशी ली जिनमें से तीन घरों से संदिग्ध सामान बरामद हुए। उन्होंने बताया कि अरशद के घर से 93 पैकेट स्मैक, ताजवर के घर से 315 बोर का तमंचा और मेवार के घर से 315 बोर का तमंचा और दो कारतूस बरामद हुए। कुमार ने बरामद स्मैक की मात्रा के बारे में विस्तार से नहीं बताया। उन्होंने बताया कि संभल हिंसा में संलिप्तता के लिए अब तक 39 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया जा चुका है और अन्य की तलाश जारी है। पिछले महीने 19 नवंबर को स्थानीय अदालत ने हिंदू पक्ष की उस याचिका पर स्थानीय जामा मस्जिद के सर्वेक्षण का आदेश पारित किया था जिसमें दावा किया गया था कि मस्जिद का निर्माण मुगल बादशाह बाबर ने 1526 में एक मंदिर को ध्वस्त करके किया था। मस्जिद के 24 नवंबर को हुए दूसरे दौर के सर्वेक्षण के दौरान हुई हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई थी तथा अनेक अन्य घायल हो गये थे।

### झारखंड में 'दुर्घटनावश गोली' चलने से एसएपी जवान की मौत

धनबाद (झारखंड) : झारखंड के धनबाद जिले में सोमवार को कथित तौर पर दुर्घटनावश गोली चलने से विशेष सशस्त्र पुलिस (एसएपी) के एक जवान की सोमवार को मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना टुंडी थाना क्षेत्र में सीआरपीएफ शिविर में सुबह करीब आठ बजे हुई। जवान की पहचान पलामू जिले के लेस्लीगंज निवासी नंदकिशोर सिंह के रूप में हुई है और वह केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के शिविर में तैनात था। पुलिस अधीक्षक (धनबाद शहर) अजीत कुमार ने बताया कि सिंह की गोली लगने से मौत हुई है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, पुलिस सभी संभावित कोणों से घटना की जांच कर रही है ताकि पता लगाया जा सके कि उनकी मौत दुर्घटनावश गोली चलने से हुई या किसी अन्य कारण से। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना के समय सिंह शिविर के एक कमरे में अकेले थे। उन्होंने बताया कि गोली की आवाज सुनकर उनके साथी मौके पर पहुंचे और उन्हें जमीन पर पड़ा पाया।

### बांसवाड़ा में चाय पीने के बाद तबीयत बिगड़ी, परिवार के तीन लोगों की मौत

**जयपुर :** राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के अंबापुरा थाना क्षेत्र में एक परिवार के तीन लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस के अनुसार परिवार के लोगों ने चाय पी थी जिसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। थानाधिकारी रामस्वरूप मीणा ने बताया कि रविवार को परिवार के सदस्यों ने चाय पीने के बाद उल्टी की शिकायत की। उन्हें तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें उदयपुर के सरकारी अस्पताल में भेज दिया। उन्होंने बताया कि संभवत: चाय में गलती से कोई कीटनाशक मिला दिया गया था। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान दरिया (53), उनकी बहू चंदा (33) और चंदा के 14 वर्षीय बेटे अक्षय के रूप में की गई।

समीक्षा

# धर्म-अध्यात्म

## व्रत - त्यौहार

11.12.2024 : मोक्षदा एकादशी, गीता जयंती
12.12.2024 : अखण्ड द्वादशी, श्री श्यामजी की ज्योत
13.12.2024 : प्रदोष व्रत
14.12.2024 : श्री दत्तात्रेय जयंती
16.12.2024 : खरमास प्रारम्भ

## 11 दिसंबर को गीता जयंती, भगवद्गीता का महत्व और महाभारत युद्ध से जुड़ी पौराणिक मान्यताएं

गीता जयंती भगवद्गीता के उपदेश की स्मृति में मनाई जाती है, जो महाभारत के युद्ध के समय भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को दिए थे। यह पर्व हिंदू धर्म में विशेष धार्मिक और पौराणिक महत्व रखता है। गीता जयंती हर वर्ष मार्गशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मनाई जाती है, जिसे मोक्षदा एकादशी भी कहा जाता है। पंचांग के अनुसार 11 दिसंबर को मोक्षदा एकादशी मनाई जाएगी।

### महाभारत युद्ध का परिप्रेक्ष्य

गीता जयंती का सीधा संबंध महाभारत युद्ध से है। महाभारत युद्ध कुरुक्षेत्र में कौरवों और पांडवों के बीच लड़ा गया था। यह युद्ध धर्म और अधर्म के बीच का संघर्ष था। जब अर्जुन ने युद्ध में अपने ही सगे-संबंधियों, गुरु द्रोणाचार्य और पितामह भीष्म के खिलाफ युद्ध करने से इनकार कर दिया, तब वे मानसिक और भावनात्मक संकट में आ गए। अर्जुन के इस दुविधा से ग्रस्त होने पर भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें धर्म, कर्म और जीवन के गूढ़ रहस्यों का उपदेश दिया। यह उपदेश ही भगवद्गीता के रूप में प्रसिद्ध हुआ।

### भगवद्गीता का महत्व

भगवद्गीता को जीवन का सार कहा जाता है। इसमें 18 अध्याय और 700 श्लोक हैं, जो जीवन के विभिन्न पहलुओं धर्म, कर्म, भक्ति और ज्ञान पर गहन शिक्षा देते हैं। गीता के उपदेश सिर्फ अर्जुन के लिए नहीं थे, बल्कि संपूर्ण मानव जाति के लिए हैं। इसमें भगवान कृष्ण ने अर्जुन को सिखाया कि व्यक्ति को निष्काम भाव से कर्म करना चाहिए और फल की चिंता किए बिना अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। हिंदू धर्म में चार वेद ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अर्थवेद है। इन चारों वेदों का सार गीता में मिलता है यही कारण है भगवतगीता को हिंदू धर्म का पवित्र और सर्वमान्य धर्मग्रंथ माना जाता है। इसकी महत्ता इतनी है कि यदि कोई गीता को स्पर्श कर ले तो वह झूठ नहीं बोलता है।

### पौराणिक मान्यता

गीता जयंती की पौराणिक मान्यता है कि इस दिन भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को ब्रह्मज्ञान प्रदान किया था। यह ज्ञान आत्मा, परमात्मा और जीवन-मरण के चक्र को समझने में सहायक है। गीता में बताया गया है कि धर्म का पालन करते हुए जीवन जीना और अपने कर्मों का निर्वाह करना ही मोक्ष का मार्ग है।

### धार्मिक मान्यता और महत्व

गीता जयंती पर भगवद्गीता का पाठ, यज्ञ और दान-पुण्य करना अत्यंत शुभ माना जाता है। इस दिन लोग श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोकों का पाठ कर भगवान श्रीकृष्ण के उपदेशों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेते हैं। कुरुक्षेत्र जहां महाभारत युद्ध हुआ था इस दिन विशेष धार्मिक आयोजन होते हैं।

### आधुनिक संदर्भ में गीता का महत्व

आज भी भगवद्गीता के उपदेश प्रासंगिक हैं। यह जीवन में आने वाले संघर्षों से उबरने का मार्ग दिखाती है। गीता व्यक्ति को अपने कर्तव्यों को सही ढंग से निभाने और धर्म के मार्ग पर चलने



## खरमास में क्यों थम जाती है शहनाइयों की गूंज, जानिए खरमास के नियम और पौराणिक कथा

हिंदू धर्म में खरमास को एक विशेष महत्व दिया जाता है। यह साल में एक बार आने वाला ऐसा समय होता है जब सूर्य देव धनु या मीन राशि में प्रवेश करते हैं। इस अवधि को खरमास कहते हैं। खरमास इस साल 15 दिसंबर, रविवार से शुरू होने जा रहा है और 14 जनवरी, 2025 को समाप्त होगा। खरमास के दौरान सूर्य की गति धीमी हो जाती है और इस कारण शुभ कार्यों के लिए यह समय प्रतिकूल माना जाता। इस दौरान शादी-विवाह, गृह प्रवेश, और अन्य मांगलिक कार्य करने से बचा जाता है। मान्यता है कि खरमास में किए गए शुभ कार्य सफल नहीं होते हैं। इसलिए, इस अवधि में लोग धार्मिक कार्यों, पूजा-पाठ और दान आदि पर अधिक ध्यान देते हैं।

### खरमास में क्यों नहीं होते मांगलिक कार्य?

खरमास शब्द में खर का अर्थ होता है गधा(गर्दभ) और मास का अर्थ होता है महीना। खरमास का शाब्दिक अर्थ है 'गर्दभ का महीना'। शास्त्रों के अनुसार, जब सूर्य देव बृहस्पति ग्रह की राशियों, धनु या मीन में प्रवेश करते हैं, तो वे अपने गुरु की सेवा में लग जाते हैं। इस अवधि के दौरान सूर्य देव की ऊर्जा कमजोर पड़ जाती है।

सूर्य की कमजोरी के कारण बृहस्पति ग्रह का प्रभाव भी कम हो जाता है। शुभ कार्यों के लिए सूर्य और बृहस्पति दोनों ग्रहों का मजबूत होना आवश्यक माना जाता है। इन दोनों ग्रहों की कमजोरी के कारण मांगलिक कार्य सफल नहीं होते हैं और यही वजह है कि खरमास में मांगलिक कार्य करना अशुभ माना जाता है।



### खरमास के नियम

खरमास को आमतौर पर अशुभ माना जाता है, लेकिन यह धार्मिक कार्यों के लिए भी एक महत्वपूर्ण समय होता है। इस अवधि में पूजा-पाठ, तीर्थ यात्रा, मंत्र जाप, भागवत गीता और रामायण का पाठ करना तथा विष्णु भगवान की आराधना करना विशेष फलदायी माना जाता है। दान, पुण्य और भगवान का ध्यान लगाने से जीवन के कष्ट दूर होते हैं। इस मास में भगवान शिव की आराधना और सूर्य देव को अर्घ्य देने से भी विशेष लाभ प्राप्त होते हैं। खासकर ब्रह्म मुहूर्त में उठकर तांबे के लोटे में जल, रोली या लाल चंदन, शहद और लाल पुष्प डालकर सूर्यदेव को अर्घ्य देने से अनेक लाभ मिलते हैं।

### कथा

पौराणिक कथा के अनुसार, जब सूर्य देव अपने सात घोड़ों के रथ पर ब्रह्मांड की परिक्रमा कर रहे थे, तो उनके घोड़े अत्यधिक थक गए। सभी घोड़े प्यास से व्याकुल हो रहे थे। घोड़ों की यह स्थिति देखकर सूर्य देव बहुत दुखी हुए और उनकी चिंता होने लगी। रास्ते में उन्हें एक तालाब दिखाई दिया जिसके पास दो खर यानी गधे खड़े थे। सूर्य देव ने घोड़ों को आराम देने के लिए उन्हें खोल कर दो खरों को अपने रथ में बांध लिया। खरों की धीमी गति होने के कारण सूर्य देव का रथ भी धीमी गति से चलने लगा। इसी कारण इस महीने को खरमास कहा जाता है। इस अवधि में सूर्य की तीव्रता कम हो जाती है और पृथ्वी के उत्तरी गोलार्द्ध में सूर्य का प्रभाव कमजोर पड़ जाता है। सनातन धर्म में सूर्य को महत्वपूर्ण माना जाता है, इसलिए सूर्य की कमजोर स्थिति को अशुभ माना जाता है और इस दौरान मांगलिक कार्य करने से बचा जाता है।

## कैसे हुई शंख की उत्पत्ति, जानिए शंखनाद का जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है?



शंख सदियों से हिंदू धर्म और संस्कृति का एक अभिन्न हिस्सा रहा है। शंख को न केवल धार्मिक अनुष्ठानों में बल्कि दैनिक जीवन में भी महत्वपूर्ण स्थान दिया जाता था। प्राचीन काल से ही शंख को घरों में रखना शुभ माना जाता था और इसे पूजा-अर्चना में उपयोग किया जाता था। ज्योतिष और विज्ञान दोनों ही शंख की ध्वनि को अत्यंत लाभदायक मानते हैं। शंख की ध्वनि में एक अद्भुत शक्ति होती है जो वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है और नकारात्मक ऊर्जा को दूर भगाती है। वैज्ञानिकों के अनुसार, शंख की ध्वनि मन को शांत करने में अहम भूमिका निभाती है। यही कारण है कि धार्मिक आयोजनों में शंख बजाने की परंपरा है। हिंदू धर्म में शंख को भगवान विष्णु का प्रतीक माना जाता है। शंख की ध्वनि को ॐ ध्वनि के समान पवित्र माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक शंख की आवाज से देवी-देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

**शंख की उत्पत्ति की कहानी**

शंख की उत्पत्ति की कथा समुद्र मंथन से जुड़ी है। जब देवता और दानव मिलकर समुद्र मंथन कर रहे थे, तब उन चौदह रत्नों में से एक शंख भी निकला था। इन रत्नों में से एक शंख, पांचजन्य नामक, विशेष रूप से प्रसिद्ध हुआ। इसकी अद्भुत ध्वनि और गुणों से प्रभावित होकर भगवान विष्णु ने इसे धारण कर लिया। तब से शंख को भगवान विष्णु का प्रमुख हथियार माना जाता है और इसकी पूजा की जाती है।

**दो प्रकार के होते हैं शंख**

शंख कई प्रकार के होते हैं, जैसे दक्षिणावर्ती और वामावर्ती। दोनों शंखों की अपनी विशेषता होती है। आमतौर पर दक्षिणावर्ती शंख को अधिक शुभ माना जाता है। शंख की ध्वनि को बहुत पवित्र माना जाता है। यह नकारात्मक ऊर्जा को दूर भगाती है और वातावरण को शुद्ध करती है। शंख का उपयोग पूजा-पाठ, यज्ञ और अन्य धार्मिक अनुष्ठानों में किया जाता है। शंख भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। इसे कला और वास्तुकला में भी व्यापक रूप से उपयोग किया गया है।

**शंखनाद का प्रभाव**

अथर्ववेद और रणवीर भक्ति रत्नाकर जैसे प्राचीन ग्रंथों में शंखनाद के महत्व को विस्तार से बताया गया है। इन ग्रंथों के अनुसार, शंख की ध्वनि न केवल एक ध्वनि है बल्कि एक शक्तिशाली उपकरण है जो हमारे जीवन को प्रभावित कर सकता है। अथर्ववेद के मुताबिक शंख की ध्वनि में ऐसी शक्ति होती है जो हमारे आस-पास की नकारात्मक ऊर्जा और अशांति को दूर करती है। यह हमें बाधाओं और परेशानियों से बचाने में मदद करता है।

रणवीर भक्ति रत्नाकर में कहा गया है कि ध्वनि (नाद) से बड़ा कोई मंत्र नहीं है। शंखनाद एक ऐसा ही मंत्र है जो हमारे मन और शरीर को शांत करता है। हालांकि, शंखनाद को सही तरीके से करना बहुत महत्वपूर्ण है। अगर हम शंख को गलत तरीके से बजाते हैं तो यह हानिकारक भी हो सकता है। इसलिए, शंख को हमेशा विधिपूर्वक ही बजाना चाहिए।

## न्यूज इन ब्रीफ

### शाही ईदगाह विवाद को लेकर मस्जिद समिति की न्यायालय में याचिका सुनवाई योग्य नहीं: हिंदू पक्षकार

**नयी दिल्ली :** हिंदू पक्षकारों ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय से कहा कि मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद में एकल न्यायाधीश द्वारा याचिका खारिज किए जाने के खिलाफ मस्जिद समिति खुद इलाहाबाद उच्च न्यायालय जा सकती थी। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने अधिवक्ता बरुण सिन्हा की दलील सुनी, जिन्होंने कहा कि मुस्लिम पक्ष की दलील शीर्ष अदालत में इस चरण में विचार योग्य नहीं है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने एक अगस्त को शाही मस्जिद ईदगाह न्यास की प्रबंधन समिति की उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें मथुरा में मंदिर-मस्जिद विवाद से संबंधित 15 मामलों की विचारणीयता को चुनौती दी गई थी।

### प्रधानमंत्री मोदी लोकसभा में संविधान पर दो-दिवसीय चर्चा का जवाब देंगे

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को लोकसभा में संविधान पर दो-दिवसीय चर्चा का जवाब दे सकते हैं। संसद के सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह संविधान पर चर्चा शुरू कर सकते हैं। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान विपक्षी दलों ने संविधान सभा द्वारा संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर संसद के दोनों सदनों में चर्चा की मांग की थी। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच इस पर सहमति बनने के बाद संसद का गतिरोध टूटा था। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को राज्यसभा में चर्चा की शुरुआत कर सकते हैं और मोदी मंगलवार को इसका जवाब देंगे।

### देश में 11.7 लाख से अधिक बच्चे स्कूल नहीं पहुंचे, सबसे अधिक उत्तर प्रदेश में: सरकार

**नयी दिल्ली :** वित्त वर्ष 2024-25 के पहले आठ महीनों में देश भर में ऐसे 11.70 लाख से अधिक बच्चों की पहचान की गई है जो स्कूल में पढ़ाई नहीं कर रहे हैं। शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने सोमवार को लोकसभा में यह जानकारी दी। सदन में एक लिखित सवाल का जवाब देते हुए चौधरी ने यह भी कहा कि ऐसे बच्चों की सबसे ज्यादा संख्या उत्तर प्रदेश में है। चौधरी ने कहा, ''शिक्षा मंत्रालय का स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग 'प्रबंध' पोर्टल संचालित करता है, जिस पर राज्य और केंद्रशासित प्रदेश स्कूलों में पंजीकरण नहीं कराने वाले बच्चों से संबंधित डेटा प्रदान करते हैं और उसे अपडेट करते हैं।'' मंत्री द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, कुल 11,70,404 बच्चों की पहचान 'स्कूल से बाहर' के बच्चों के रूप में की गई है।

### सार्वजनिक बैंकों ने छह महीनों में 42,000 करोड़ रुपये का ऋण बट्टे खाता में डाला

**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने चालू वित्त वर्ष की पहली छमाई में 42,000 करोड़ रुपये के ऋण को बट्टे खाते में डाल दिया तथा 37,253 करोड़ रुपये की वसूली की। सरकार ने सोमवार को लोकसभा में यह जानकारी दी। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि अप्रैल-सितंबर अवधि के दौरान भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने 8,312 करोड़ रुपये, पंजाब नेशनल बैंक ने 8,061 करोड़ रुपये, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने 6,344 करोड़ रुपये और बैंक ऑफ बड़ौदा ने 5,925 करोड़ रुपये के कर्ज बट्टे खाते में डाले।

### दिल्ली चुनाव: आप ने 20 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की; सिसोदिया जंगपुरा से लड़ेंगे

**नयी दिल्ली :** दिल्ली विधानसभा के आगामी चुनाव के लिए सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) ने सोमवार को 20 उम्मीदवारों की अपनी दूसरी सूची जारी की। आप की दूसरी सूची के मुताबिक, 18 मौजूदा विधायकों के टिकट काट दिए गए हैं, जबकि वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सहित दो अन्य को नयी सीट से चुनाव लड़ाने का फैसला किया गया है। सिसोदिया अब जंगपुरा से चुनाव लड़ेंगे, जबकि शिक्षक और हाल ही में आप में शामिल हुए अवध ओझा, सिसोदिया की वर्तमान पटपड़गंज सीट से चुनाव लड़ेंगे।

# भारत का विकास हर क्षेत्र में नजर आता है : प्रधानमंत्री मोदी



### चुनौतियों से टकराने का नाम राजस्थान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यहां एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान चुनौतियों से टकराने व नए अवसर बनाने का नाम है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रफल के हिसाब से देश के इस सबसे बड़े राज्य के लोगों का दिल भी उतना ही बड़ा है। मोदी यहां वैश्विक निवेश सम्मेलन 'राइजिंग राजस्थान' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, राजस्थान, राइजिंग तो है ही, रिलाएबल भी है। राजस्थान रिसेप्टिव (ग्रहणशील) भी है और समय के साथ खुद को रिफाइन करना भी जानता है। चुनौतियों से टकराने का नाम है राजस्थान, नए अवसरों को बनाने का नाम है राजस्थान।

**जयपुर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' के मंत्र का अनुसरण करते हुए भारत ने जो विकास किया है वह हर क्षेत्र में नजर आता है तथा आज दुनिया का हर 'विशेषज्ञ व निवेशक' भारत को लेकर उत्साहित है। मोदी यहां 'राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट' के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, ''आज दुनिया का हर विशेषज्ञ, हर निवेशक भारत को लेकर उत्साहित है। 'रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफार्म' के मंत्र का अनुसरण करते हुए भारत ने जो विकास किया है वह हर क्षेत्र में नजर आता है।'' उन्होंने कहा कि आजादी के बाद के सात दशक में भारत दुनिया की ग्यारहवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन पाया था लेकिन पिछले दस वर्ष में हमारा देश पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 10 वर्षों में भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था का आकार करीब-करीब 'दोगुना' किया है और निर्यात भी करीब-करीब 'दोगुना' हो गया है। मोदी ने कहा कि आज दुनिया को एक ऐसी अर्थव्यवस्था की जरूरत है जो बड़े से बड़े संकट के दौरान भी मजबूती से चलती रहे तथा उसमें रुकावट न आए। उन्होंने कहा कि इसके लिए भारत में व्यापक 'विनिर्माण आधार' होना बहुत जरूरी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार 'विकास भी, विरासत भी' के मंत्र पर चल रही है और इसका बहुत बड़ा लाभ राजस्थान को हो रहा है। उन्होंने कहा, ''पिछले दस वर्ष भारत में 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। बीते दस वर्षों में भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था का आकार करीब दोगुना किया है। दस साल में भारत का निर्यात भी करीब दोगुना हो गया है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि ये सिर्फ भारत के लिए ही नहीं बल्कि दुनिया की अर्थव्यवसथा के लिए भी आवश्यक है।

### राजनीति में हो युवाओं की भागीदारी, इसे वंशवाद में यकीन रखने वालों के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता

**अहमदाबाद :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि युवाओं को राजनीति में लाने के प्रयास किए जा रहे हैं क्योंकि इसे उन सबके भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता जो केवल वंशवाद की राजनीति में विश्वास करते हैं और इसे पारिवारिक संपत्ति मानते हैं। साणंद शहर के पास लेखंबा गांव में रामकृष्ण मठ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस उद्देश्य की दिशा में ''एक नयी शुरुआत'' करने के लिए स्वामी विवेकानंद की जयंती पर दिल्ली में युवा नेताओं का संवाद आयोजित किया जाएगा।

## जीएसटी अधिकारियों ने 17,000 से अधिक फर्जी कंपनियों की 35,132 करोड़ रुपये की कर चोरी पकड़ी: सरकार

**नयी दिल्ली :** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिकारियों ने अप्रैल से अक्टूबर महीने के बीच 17,818 फर्जी प्रतिष्ठानों की 35,132 करोड़ रुपये की आयकर चोरी के मामलों का पता लगाया है और 69 लोगों को गिरफ्तार किया है। सरकार ने सोमवार को संसद को यह जानकारी दी। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि केंद्र और राज्य प्राधिकरणों द्वारा डेटा एनालिटिक्स और अन्य खुफिया जानकारी के माध्यम से फर्जी कंपनियों का पता लगाने के लिए नियमित कार्रवाई की जाती है। उन्होंने कहा कि फर्जी कंपनियों का पता लगाने के लिए 16 अगस्त से 30 अक्टूबर के बीच एक समन्वित विशेष अभियान भी चलाया गया। चौधरी ने कहा, ''वित्त वर्ष 2024-25 (अप्रैल-अक्टूबर) के दौरान 17,818 फर्जी कंपनियों से जुड़े आयकर धोखाधड़ी के कुल 18,876 मामलों का पता चला, जिसमें 35,132 करोड़ रुपये की आयकर चोरी का संदेह है।'' उन्होंने कहा कि इससे 6,484 करोड़ रुपये की बचत हुई है, जिसमें से 5,422 करोड़ रुपये आयकर से और 1,062 करोड़ रुपये वसूली के जरिये बचाए गए हैं। मंत्री के जवाब के अनुसार चालू वित्त वर्ष के दौरान अक्टूबर तक इन मामलों में कुल 69 गिरफ्तारियां की गई हैं।

## न्यूज अपडेट

### कोयला घोटाला: विशेष सीबीआई अदालत ने अभिजीत इन्फ्रा, दो अन्य को ठहराया दोषी

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की एक विशेष अदालत ने झारखंड में बृंदा, सिसई और मेराल कोयला ब्लॉक के आवंटन से संबंधित कोयला घोटाले के मामले में अभिजीत इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार जायसवाल और उसके पूर्व निदेशक रमेश कुमार जायसवाल को सोमवार को दोषी ठहराया। एजेंसी की ओर से जारी बयान के अनुसार, 2016 में दर्ज मामले में सीबीआई ने आरोप लगाया था कि कंपनी ने अपनी वित्तीय स्थिति, अपने प्रस्तावित संयंत्र के लिए भूमि अधिग्रहण और अन्य संबंधित दावों को गलत तरीके से पेश कर कोयला ब्लॉक हासिल किए। सीबीआई ने कहा कि कोयला ब्लॉक के आवंटन के लिए भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय की सिफारिश हासिल करने के लिए जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया था। विशेष न्यायाधीश अरुण भारद्वाज ने नागपुर स्थित अभिजीत इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड (एआईपीएल), इसके प्रबंध निदेशक मनोज कुमार जायसवाल और पूर्व निदेशक रमेश कुमार जायसवाल को धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश और जाली दस्तावेजों को असली के रूप में पेश करने का दोषी ठहराया। उनकी सजा का एलान बाद में किया जाएगा।

### धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर करने पर व्यक्ति ने आत्महत्या की, पत्नी समेत चार पर मुकदमा

**धमतरी :** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में 30 वर्षीय एक व्यक्ति को कथित तौर पर धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर करने पर पत्नी सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, व्यक्ति ने इस संबंध में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करने के बाद आत्महत्या कर ली थी, जिसके बाद चारों लोगों को गिरफ्तार किया गया। व्यक्ति ने पोस्ट में अपनी पत्नी और ससुराल पक्ष के लोगों पर उसे धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तारियां की गयी हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सात दिसंबर को सुबह अर्जुनी थाना क्षेत्र के पोटियाडीह गांव में लिनेश साहू अपने घर में छत से लटका हुआ पाया गया था, जिसके बाद स्थानीय पुलिस को सूचित किया गया।

### केंद्र ने 2019 से वक्फ बोर्ड को कोई जमीन नहीं दी : सरकार

**नयी दिल्ली :** सरकार ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि उसने वर्ष 2019 से वक्फ बोर्ड को कोई जमीन नहीं दी है। आवास और शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि 2019 से भारत सरकार द्वारा वक्फ बोर्ड को कोई जमीन नहीं दी गई है। उनसे सवाल किया गया था कि 2019 से अब तक पूरे देश में केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा वक्फ बोर्ड को कुल कितनी जमीन दी गई है? साहू ने इसके जवाब में कहा, ''भूमि राज्य का विषय है। इसलिए, राज्य सरकारों द्वारा वक्फ बोर्ड को प्रदान की गई भूमि के संबंध में उनके मंत्रालय के पास कोई आंकड़ा उपलब्ध नहीं है।'' उन्होंने कहा कि जहां तक आवास और शहरी कार्य मंत्रालय का संबंध है, भारत सरकार द्वारा 2019 से वक्फ बोर्ड को कोई भूमि नहीं उपलब्ध करायी गई है। सरकार ने अगस्त में वक्फ (संशोधन) विधेयक संसद में पेश किया और तीखी बहस के बाद इसे संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया। सरकार ने जोर दिया कि प्रस्तावित कानून का उद्देश्य मस्जिदों के कामकाज में हस्तक्षेप करना नहीं है। हालांकि, विपक्ष ने दावा किया कि यह मुसलमानों को निशाना बनाने के लिए है और यह संविधान पर हमला है।

### हिमंत शर्मा ने असम सरकार में बड़ा फेरबदल किया

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को सरकार के विभागों में बड़ा फेरबदल किया और चार नए मंत्रियों को शामिल किया। शर्मा गृह, लोक निर्माण भवन और राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण सड़क और चिकित्सा शिक्षा तथा अनुसंधान विभाग संभालेंगे, जबकि कुछ विभाग अन्य मंत्रियों को सौंपे गए हैं। एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया है कि शर्मा कार्मिक और ऐसे किसी अन्य विभाग का भी प्रभार संभालेंगे, जो अन्य मंत्रियों को नहीं सौंपा गया है। नए मंत्रियों में प्रशांत फुकन को बिजली और कौशल, रोजगार और उद्यमिता विभाग आवंटित किए गए हैं और वे चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग में मुख्यमंत्री की सहायता करेंगे। कौशिक राय खाद्य, सार्वजनिक वितरण और उपभोक्ता मामले, खान और खनिज तथा नवनिर्मित बराक घाटी विकास विभाग संभालेंगे। मुख्य सचिव रवि कोटा द्वारा हस्ताक्षरित अधिसूचना में कहा गया है कि पशुपालन और पशु चिकित्सा तथा मत्स्य पालन विभाग कृष्णेंदु पॉल को आवंटित किए गए हैं, जो लोक निर्माण सड़क विभाग में भी मुख्यमंत्री की सहायता करेंगे। रूपेश गोवाला को श्रम कल्याण और चाय जनजाति तथा आदिवासी कल्याण विभाग दिए गए हैं, इसके अलावा वे गृह विभाग में मुख्यमंत्री की सहायता करेंगे।

## सीयूईटी-यूजी, स्नातकोत्तर में 2025 में बदलाव की संभावना, संशोधित मानदंड जल्द : यूजीसी प्रमुख



**नयी दिल्ली :** स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए विश्वविद्यालयीन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) में विशेषज्ञ समिति की समीक्षा के बाद 2025 के संस्करण में कई बदलाव होने की संभावना है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने यह जानकारी दी। यूजीसी ने सीयूईटी-यूजी और पीजी के संचालन की समीक्षा के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित की है। कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''बीते वर्षों में मिली प्रतिक्रिया के आधार पर सीयूईटी देने वाले छात्रों के लिए बेहतर, अधिक कुशल और अनुकूल वातावरण प्रदान करने के वास्ते परीक्षा प्रक्रिया में निरंतर सुधार करना भी आवश्यक है। इसी भावना से यूजीसी ने 2025 के लिए सीयूईटी-यूजी और सीयूईटी-पीजी के संचालन की समीक्षा के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया है।'' उन्होंने कहा, ''समिति ने इसकी संरचना, प्रश्नपत्रों की संख्या, परीक्षा की अवधि, पाठ्यक्रम और परिचालन संचालन से जुड़ी आवश्यकता जैसी परीक्षा के विभिन्न पहलुओं का विश्लेषण किया है। आयोग ने हाल में एक बैठक में इन सिफारिशों पर विचार किया।''

## अदाणी और सोरोस से जुड़े मामलों के चलते लोकसभा में गतिरोध, कार्यवाही मंगलवार तक स्थगित



**नयी दिल्ली :** कांग्रेस और समाजवादी पार्टी समेत कुछ विपक्षी दलों के सदस्यों के अदाणी समूह से जुड़े मामले तथा कुछ अन्य मामले उठाने का प्रयास किए जाने और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अमेरिकी कारोबारी जॉर्ज सोरोस से जुड़े आरोपों को लेकर सोमवार को लोकसभा में हंगामा हुआ जिसके कारण सदन की कार्यवाही तीन बार के स्थगन के बाद मंगलवार पूर्वाह्न 11 बजे तक स्थगित करनी पड़ी। कांग्रेस अदाणी समूह के मामले पर चर्चा और संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने की मांग कर रही है तथा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा के कुछ नेताओं के आरोपों से जुड़े मुद्दे उठाने का प्रयास कर रही है। वहीं, भाजपा ने कांग्रेस को घेरने का प्रयास करते हुए आरोप लगाया है कि पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी का संबंध जॉर्ज सोरोस की संस्था द्वारा वित्त-पोषित एक ऐसे संगठन से है, जिसने कश्मीर के एक स्वतंत्र राष्ट्र के विचार का समर्थन किया है। पिछले कुछ दिन से लोकसभा में निरंतर गतिरोध बना हुआ है। सोमवार को सदन की बैठक पहले दोपहर 12 बजे तक स्थगित की गई।

## जगदीप धनखड़ के खिलाफ राज्यसभा में अविश्वास प्रस्ताव लाएगा विपक्ष

**50 से अधिक सांसदों ने किए हस्ताक्षर**



**नई दिल्ली :** उपराष्ट्रपति और राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ और विपक्षी दलों के नेताओं के बीच टकराव सोमवार को चरम पर पहुंच गया। इस टकराव के बाद विपक्ष ने धनखड़ को उनके कार्यकाल से हटाने के लिए एक अविश्वास प्रस्ताव लाने फैसला किया। सूत्रों ने बताया कि इस प्रस्ताव पर 50 से अधिक सांसदों ने हस्ताक्षर किया है। अगस्त में विपक्षी गठबंधन को प्रस्ताव पेश करने के लिए नेताओं के हस्ताक्षर की जरूरत थी, लेकिन उस समय वे आगे नहीं बढ़े। उन्होंने राज्यसभा के सभापति को एक मौका देने का फैसला किया, लेकिन सोमवार को उनके व्यवहार को देखते हुए विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लाने का मन बना चुका है।

**टीएमसी-सपा-आप कर रहे हैं प्रस्ताव का समर्थन**

कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस(टीएमसी), आम आदमी पार्टी (आप), समाजवादी पार्टी(सपा) और विपक्षी गठबंधन के सदस्य इस प्रस्ताव के साथ आगे बढ़ने के लिए एकसाथ हैं। राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान स्थगन के तुरंत बाद सदन के नेता जेपी नड्डा ने कहा कि भाजपा सदस्य उस मुद्दे पर चर्चा के लिए उत्तेजित थे, जिसमें कांग्रेस नेता शामिल थे। उन्होंने कहा, फोरम ऑफ डेमोक्रेटिक लीडर्स इन द एशिया-पैसेफिक (एफडीएल-एपी) और जॉर्ज सोरोस के बीच संबंध चिंता का विषय है। इसका सह-अध्यक्ष इस सदन का सदस्य है। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि एफडीएल-एपी जम्मू कश्मीर को एक अलग इकाई के रूप में देखता है।

## महायुति ने महाराष्ट्र विधानसभा में आसानी से विश्वास मत हासिल किया

**मुंबई :** महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस के नेतृत्व वाली महायुति गठबंधन सरकार ने कार्यभार संभालने के पांच दिन बाद सोमवार को राज्य विधानसभा में आसानी से विश्वास मत जीत लिया। शिवसेना विधायक उदय सामंत और अन्य द्वारा पेश किए गए विश्वास प्रस्ताव को तीन दिवसीय विशेष सत्र के आखिरी दिन ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। विशेष सत्र के बाद अब महाराष्ट्र विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 16 दिसंबर को नागपुर में शुरू होगा। विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव पारित किए जाने के दौरान कुछ विपक्षी सदस्य अनुपस्थित थे जिनमें शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) विधायक आदित्य ठाकरे भी शामिल थे। इससे पहले दिन में विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को लगातार दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। उन्होंने घोषणा की कि सदन ने विश्वास प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। सूत्रों ने बताया कि चार दिसंबर को जब राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन ने फडणवीस को सरकार बनाने के लिए आमंत्रण पत्र सौंपा था, तो उन्होंने दस्तावेज में यह शर्त रखी थी कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता को 21 दिन के भीतर सदन में विश्वास मत हासिल करना होगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-शिवसेना-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के 'महायुति' गठबंधन के पास 288 सदस्यीय राज्य विधानसभा में 230 सीट के साथ मजबूत बहुमत है।

## आरेडिका में कार्यस्थलों पर लैंगिक उत्पीडन विषय पर जागरूकता के लिए सेमीनार का आयोजन



**रायबरेली, समाज्ञा :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में सोमवार को कार्यस्थलों पर लैंगिक उत्पीडन विषय पर जागरूकता के लिए सेमीनार का आयोजन किया गया जिसमें आरेडिका की सभी कार्य करने वाली महिलाओं ने प्रतिभाग किया। इस सेमीनार में प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 आभा जैन ने महिलाओं जागरूकता के बारे में कुछ नियम कानूनों के संबंध में समझाया एवं महिला से पूछा कि अगर किसी महिला को अगर इस प्रकार की कोई भी समस्या हो तो बताएं तथा आगे आने वाले समय में भी अगर इस प्रकार की समस्या आती है तो वे तुरन्त सम्पर्क कर सकती हैं। महिलाओं ने डा0 आभा जैन से विभिन्न प्रकार के प्रश्नों के माध्यम से इसके विधिक पक्ष को समझा। इस अवसर पर आरेडिका की सभी महिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहीं।

## रूस निर्मित आईएनएस तुशिल भारतीय नौसेना में शामिल



**नयी दिल्ली :** भारतीय नौसेना के लिए रूस निर्मित युद्धपोत आईएनएस तुशिल का रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में सोमवार को रूस के तटीय शहर कलिनिनग्राद में जलावतरण किया गया। रडार से बचने में सक्षम और मिसाइल क्षमता से लैस इस युद्धपोत से हिंद महासागर में भारतीय नौसेना की अभियानगत क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। इस क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों में चीन की नौसेना की गतिविधियां बढ़ी हैं। समारोह में अपने संबोधन में सिंह ने युद्धपोत के जलावतरण को भारत की बढ़ती समुद्री ताकत का गौरवपूर्ण प्रमाण तथा रूस के साथ दीर्घकालिक संबंधों में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा, ''यह जहाज रूसी और भारतीय उद्योगों की सहयोगात्मक क्षमता का एक बड़ा प्रमाण है। यह संयुक्त कौशल के माध्यम से तकनीकी उत्कृष्टता की ओर भारत की यात्रा का उदाहरण है।'' नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी, रूस के उप रक्षा मंत्री अलेक्जेंडर वासिलीविच फोमिन और रूसी नौसेना के कमांडर-इन-चीफ एडमिरल अलेक्जेंडर अलेक्सेयेविच मोइसेयेव जलावतरण समारोह में उपस्थित थे। इस युद्धपोत का निर्माण 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के समझौते के तहत रूस में किया गया है। भारत ने नौसेना के लिए चार 'स्टील्थ फ्रिगेट' को लेकर 2016 में रूस के साथ यह समझौता किया था। इस समझौते के तहत, दो युद्धपोतों का निर्माण रूस में किया जाना था, जबकि अन्य दो का निर्माण भारत में किया जाना था। सिंह ने कहा कि भारत और रूस कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), साइबर सुरक्षा, अंतरिक्ष अन्वेषण और आतंकवाद-रोधी जैसे क्षेत्रों में एक-दूसरे की विशेषज्ञता का लाभ उठाकर सहयोग के ''नए युग'' में प्रवेश करेंगे।

## कब तक मुफ्त सुविधाएं दी जा सकती हैं, रोजगार के अवसर क्यों नहीं पैदा किये जाते: न्यायालय



**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने कोविड महामारी के समय से मुफ्त राशन पाने वाले प्रवासी श्रमिकों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने और क्षमता निर्माण किये जाने पर सोमवार को जोर देते हुए पूछा कि ''कब तक मुफ्त सुविधाएं दी जा सकती हैं।'' न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ उस समय आश्चर्यचकित रह गई, जब केंद्र ने शीर्ष अदालत को बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के तहत 81 करोड़ लोगों को मुफ्त या रियायती दर पर राशन दिया जा रहा है। पीठ ने केंद्र की ओर से उपस्थित सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा, ''इसका मतलब है कि केवल करदाता ही इसके दायरे से बाहर रह गए हैं।'' वर्ष 2020 में कोविड महामारी के दौरान प्रवासी मजदूरों की समस्याओं और दशा से संबंधित स्वत: संज्ञान वाले मामले में एक गैर सरकारी संगठन की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि ''ई-श्रम'' पोर्टल पर पंजीकृत सभी प्रवासी श्रमिकों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराने के लिए निर्देश जारी करने की आवश्यकता है। पीठ ने कहा, ''कब तक मुफ्त सुविधाएं दी जा सकती हैं? हम इन प्रवासी श्रमिकों के लिए नौकरी के अवसर, रोजगार और क्षमता निर्माण के लिए काम क्यों नहीं करते?'' भूषण ने कहा कि इस अदालत द्वारा समय-समय पर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को प्रवासी श्रमिकों को राशन कार्ड जारी करने के निर्देश जारी किए गए हैं ताकि वे केंद्र द्वारा प्रदान किए जाने वाले मुफ्त राशन का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि नवीनतम आदेश में कहा गया है कि जिनके पास राशन कार्ड नहीं हैं, लेकिन वे ''ई-श्रम'' पोर्टल पर पंजीकृत हैं, उन्हें भी केंद्र द्वारा मुफ्त राशन दिया जाएगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, ''यही समस्या है। जिस पल हम राज्यों को सभी प्रवासी श्रमिकों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराने का निर्देश देंगे, एक भी प्रवासी श्रमिक यहां नहीं दिखेगा। वे वापस चले जाएंगे। लोगों को लुभाने के लिए राज्य राशन कार्ड जारी कर सकते हैं क्योंकि वे अच्छी तरह जानते हैं कि मुफ्त राशन उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी केंद्र की है।'' भूषण ने कहा कि यदि जनगणना 2021 में की गई होती, तो प्रवासी श्रमिकों की संख्या में वृद्धि हो गई होती, क्योंकि केंद्र वर्तमान में 2011 की जनगणना के आंकड़ों पर निर्भर है।

## पू. सी. रेलवे के महाप्रबंधक ने डीएचआर में विंटेज स्टीम इंजन 'बेबी सेवक' को हरी झंडी दिखाई



**मालीगांव :** पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के अधीन यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे (डीएचआर) पूरे वर्ष भर दुनिया भर के पर्यटकों को आकर्षित करता है। इस अद्वितीय चमत्कार को बढ़ावा देने और संरक्षित करने हेतु एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, पू. सी. रेलवे ने सौ साल पुराने विंटेज स्टीम इंजन को पुनर्बहाल किया है, जिसे 'बेबी सेवक' के नाम से जाना जाता है और इसे डीएचआर के कई आकर्षणों में शामिल किया है। इस उल्लेखनीय जीर्णोद्धार प्रयास का अनावरण 07 दिसंबर, 2024 को घूम विंटर फेस्टिवल के दौरान किया गया, जहाँ स्टीम इंजन को आधिकारिक तौर पर पू. सी. रेलवे के महाप्रबंधक श्री चेतन कुमार श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाई। 'बेबी सेवक' को अब घूम में गर्व के साथ प्रदर्शित किया गया है, जो पर्यटकों को रेलवे की समृद्ध विरासत से एक मजबूत लगाव प्रदान करता है। स्टीम इंजन 'बेबी सेवक' की शुरुआत एक सौ साल से भी पहले जर्मनी के ओरेनस्टीन एंड कोप्पेल के एक कंट्रेक्टर के लोकोमोटिव इंजन के रूप में हुई थी। ऐसा माना जाता है कि डीएचआर की तीस्ता घाटी और किशनगंज शाखाओं के निर्माण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जिसका नाम तीस्ता घाटी लाइन पर स्थित सेवक स्टेशन से पड़ा। दशकों की सेवा के बाद, इंजन 1970 के दशक में सेवा से बाहर हो गया और 1990 के दशक के अंत में सिलीगुड़ी में प्रदर्शित किया गया था। वर्ष 2000 से यह घूम स्टेशन पर एक बाहरी प्रदर्शनी थी, जहाँ यह धीरे-धीरे जीर्ण-शीर्ण हो गई। इसके ऐतिहासिक महत्व को पहचानते हुए, स्टीम इंजन को तिनधरिया कारखाना लाया गया, जहाँ पू. सी. रेलवे के अपने कुशल कर्मचारियों द्वारा काफी बारीकी से जीर्णोद्धार किया, जिससे इसके मूल आकर्षण को संरक्षित करते हुए इसे पुनर्जीवित किया गया। 'बेबी सेवक' स्टीम इंजन की बहाली डीएचआर की विरासत के संरक्षण के क्षेत्र में एक माइलस्टोन है। यह प्रयास न केवल इतिहास के एक मूर्त टुकड़े को संरक्षित करता है, बल्कि अतीत के इंजीनियरिंग चमत्कारों का उत्सव मनाने के लिए एक केंद्र बिंदु के रूप में भी कार्य करता है। घूम में इसका प्रदर्शन पर्यटकों के अनुभव को समृद्ध करता है, जिससे दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे की अनूठी विरासत की सराहना करने का अवसर मिलता है।

